INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-262 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, सोमवार, 16 नवंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

मथुरा में हर पांचवीं महिला मोटापे की शिकार, पांच साल में 10.1 फीसदी की वृद्धि

एनएफएचएस-6 की रिपोर्ट में खुलासा, कम वजन वाली महिलाएं बढ़ीं

खानपान और बदलती जीवनशैली बनी मोटापे की प्रमुख वजह

यूनिक समय, मथुरा। जिले में 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ी है। अब हर पांचवीं महिला अधिक वजन या मोटापे की श्रेणी में है। पिछले पांच साल में यह आंकड़ा 12.6 से बढ़कर 22.7 प्रतिशत पहुंच गया है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे



(एनएफएचएस)-6 की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। चिकित्सकों के मुताबिक, अनियमित दिनचर्या, शारीरिक गतिविधियों में कमी और असंतुलित खानपान इसके प्रमुख कारण हैं।

एनएफएचएस-5 (2019-21) में जिले की 12.6 प्रतिशत महिलाएं अधिक वजन या मोटापे से प्रभावित थीं, जबकि एनएफएचएस-6 (2023-24) में यह आंकड़ा 22.7 प्रतिशत दर्ज किया गया। यानी पांच साल में 10.1 प्रतिशत अंकों की बढ़ोतरी हुई है। सर्वे में बीएमआई 25 या इससे अधिक होने पर महिलाओं को अधिक वजन या मोटापे की श्रेणी में रखा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, लंबे समय तक बैठकर काम करना, व्यायाम की कमी, फास्ट फूड और अधिक कैलोरी वाले भोजन का सेवन वजन बढ़ने की प्रमुख वजह हैं। गर्भावस्था के बाद वजन नियंत्रित नहीं कर पाना, हार्मोनल बदलाव, तनाव और नींद की कमी भी इसमें भूमिका निभाते हैं।

वजन नियंत्रित रखने के उपाय

- रोजाना कम से कम 30 मिनट तेज चाल से टहलें और व्यायाम करें।
- हरी सब्जियां, दाल, साबुत अनाज और मौसमी फल खाएं।
- तली-भुनी चीजों, अधिक चीनी और मीठे पेय से परहेज करें।
- पर्याप्त नींद लें और नियमित दिनचर्या अपनाएं।

कम वजन वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ी

जिले में पोषण की स्थिति का दूसरा चिंताजनक पहलू कम वजन वाली महिलाओं का बढ़ता प्रतिशत है। एनएफएचएस-5 में ऐसी महिलाओं का आंकड़ा 18.7 प्रतिशत था, जो एनएफएचएस-6 में बढ़कर 23.6 प्रतिशत हो गया। यानी एक ओर महिलाएं मोटापे से जूझ रही हैं तो दूसरी ओर बड़ी संख्या में महिलाएं कम वजन की समस्या से प्रभावित हैं।

गर्भधारण में परेशानी शिशु पर भी खतरा

वरिष्ठ स्त्री-प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. आरती गुप्ता के अनुसार, मोटापे से महिलाओं को गर्भधारण में परेशानी हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान हाई ब्लड प्रेशर और मधुमेह का खतरा बढ़ता है, जिसका असर गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। इसके अलावा पीसीओडी सहित कई हार्मोन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के मुद्दे पर 2027 का चुनाव लड़ेगी भाजपा

'फिर कमल खिलाएंगे, कृष्ण मंदिर बनवाएंगे' के नारे के साथ भाजपा ने साधा लक्ष्य

गौ ग्राम परखम में योजना बैठक के पहले दिन कार्यकर्ताओं की नाराजगी, कमजोर प्रदर्शन पर मंथन

यूनिक समय, मथुरा। फरह के गौ ग्राम परखम स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय गौ अनुसंधान केंद्र के स्व. अशोक सिंघल सभागार में सोमवार से भाजपा की योजना बैठक शुरू हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पहले दिन संगठन की स्थिति पर चिंतन-मंथन हुआ। बैठक में कार्यकर्ताओं की नाराजगी, वरिष्ठ पदाधिकारियों की निष्क्रियता और विधान परिषद चुनाव में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन का मुद्दा भी छाया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कई नेताओं ने संगठन से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी।



पं. दीनदयाल कामधेनु गोशाला परखम के स्व. अशोक सिंघल सभागार में योजान बैठक से पहले वंदेमातरम गायन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ हैं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और उप मुख्यमंत्री आदि।

पहले सत्र के बाद बैठक में शामिल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर निर्माण बड़ा मुद्दा होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या की तरह मथुरा में भी भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनेगा। इसके लिए न्यायिक प्रक्रिया या आपसी बातचीत का रास्ता अपनाया जाएगा। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी इस मुहिम में साथ आने का न्योता दिया।

केशव प्रसाद मौर्य ने नारा दिया कि 'फिर कमल खिलाएंगे, कृष्ण मंदिर बनवाएंगे'। उन्होंने 2027 में भाजपा की लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा किया। सपा के पीडीए फॉर्मूले को विफल बताते हुए अखिलेश यादव पर दलितों के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश से अपराध, गुंडागर्दी और माफिया राज खत्म करने के बाद अब विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप विकसित उत्तर प्रदेश बनाना भाजपा का लक्ष्य है। इससे पहले योजना बैठक का शुभारंभ वंदेमातरम के साथ हुआ।

परखम में भाजपा का संगठनात्मक महामंथन 55 पदाधिकारी रहे मौजूद

यूनिक समय, मथुरा। भाजपा की प्रदेश योजना बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित 55 पदाधिकारियों ने संगठन की रणनीति, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन किया। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव और जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे भी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे।

एसआईआर के बहाने दलितों पिछड़ों के मताधिकार पर प्रहार कर रही भाजपा : अजय उपाध्याय



पार्टी कार्यालय पर वार्ता करते कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय उपाध्याय, पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और अन्य पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। भाजपा सरकार पर संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने एसआईआर, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर हमला बोला। सोमवार को सेठबाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में हुई प्रेसवार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. अजय उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा एसआईआर के बहाने दलितों और पिछड़ों के मताधिकार को प्रभावित कर रही है।

उन्होंने राम मंदिर के चढ़ावे और चंदे का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। कहा कि इन सवालों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा मथुरा में बैठकें कर रही है।

उपाध्याय ने सरकारी विद्यालयों के बंद होने, विभागों में रिक्त पदों, पेपर लीक और सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दवाओं की खरीद में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की।

राम मंदिर के चढ़ावे का हिसाब देने से बच रही सरकार, जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का लगाया आरोप

पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि चीनी मिल चालू नहीं हुई और यमुना प्रदूषण मुक्त नहीं हो सकी। युवा रोजगार, किसान फसल का उचित मूल्य और महिलाएं सुरक्षा मांग रही हैं। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि सरकार को चंदे, अस्पतालों, शिक्षा, नौकरियों और मतदाता सूची से गायब नामों का हिसाब देना होगा। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा जवाब देने की बात कही। प्रेसवार्ता में कुंवर सिंह निषाद, यामिनी रमन आचार्य, विक्रम वाल्मीकि, उमेश शर्मा, मनोज गौड़, आदित्य तिवारी, केके गौतम, रमेश कश्यप, गजानंद चतुर्वेदी और पंकज चौधरी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

आगरा में ग्लोबल ताज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज

यूनिक समय, आगरा। सोमवार को ताजनगरी में तीन दिवसीय आठवें ग्लोबल ताज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ हुआ। ग्लैमर लाइव फिल्म्स और डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के आईटीएचएम संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में 15 से अधिक देशों की फिल्मों की निःशुल्क स्क्रीनिंग की जाएगी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी ने की।

पहले दिन राजस्थान के माउंट आबू से आई फीचर फिल्म 'महामहिम दीदीजी मुर्मू' का प्रदर्शन जेपी सभागार में हुआ। राष्ट्रपति के जीवन पर आधारित फिल्म को दर्शकों ने सराहा। फिल्म की अदाकारा संपदा मंडल,



सोमवार को ग्लोबल ताज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल शुभारंभ के मौके पर अतिथि।

निर्देशक पम्पोज मिश्रा और प्रभा मिश्रा भी मौजूद रहे। ब्रह्माकुमारीज के आगरा स्थित विभिन्न केंद्रों से शीला दीदी, अश्विनी दीदी और कविता दीदी सहित बड़ी संख्या में लोग फिल्म देखने पहुंचे।

फेस्टिवल निदेशक सूरज तिवारी ने कहा कि फिल्म उद्योग में अभिनय, निर्देशन, लेखन, सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग और एनीमेशन सहित रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। युवाओं को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

कुलपति प्रो. आशु रानी ने विश्वविद्यालय में फिल्म निर्माण से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बताई।

15 से अधिक देशों की फिल्मों की होगी निःशुल्क स्क्रीनिंग, अंतिम दिन अभिनेत्री ममता कुलकर्णी करेंगी शिरकत

उद्घाटन में फ्रांस, इटली, मॉस्को, अमेरिका और वेनेजुएला से आए कलाकारों ने आकर्षण बढ़ाया। कालिंदी अकादमी के विद्यार्थियों ने रोशनी गिडवानी के निर्देशन में प्रस्तुति दी। 17 नवंबर को अभिनेता ज्ञानप्रकाश की एक्टिंग मास्टरक्लास और अभिनेत्री विभा रानी के पैनल डिस्कशन होंगे। अंतिम दिन अभिनेत्री ममता कुलकर्णी शामिल होंगी। फिल्मों की स्क्रीनिंग सभी दर्शकों के लिए निःशुल्क रहेगी।

परखम की योजना बैठक में भाजपा का महामंथन

2027 में यूपी फतह की तैयारी


पत्रकारों को योजना बैठक की जानकारी देते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

यूनिक समय, मथुरा। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियों का बिगुल बजा दिया है। सोमवार को फरह की गौ ग्राम परखम स्थित स्व. अशोक सिंघल स्मृति सभागार में पार्टी का दो दिवसीय योजना बैठक शुरू हुई। बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत 50 से अधिक वरिष्ठ नेता पहुंचे। प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि भाजपा में फैसले सामूहिक नेतृत्व और सहमति से होते हैं। 2027 का चुनाव विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। उन्होंने सपा पर बाबा साहब और दलितों का अपमान करने का आरोप लगाया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2017 के बाद यूपी बीमारू राज्य के कलंक से निकला है, कानून–व्यवस्था बेहतर हुई। सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि 2027 की रणनीति और तीसरी बार सरकार बनाने पर फैसले होंगे। मेधा कुलकर्णी ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन मिलेगा।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पूरी ताकत और एजेंडे के साथ जनता के बीच जाएंगे। राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अखिलेश यादव अपनी खोई राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। बैठक में चुनावी रणनीति के साथ संगठन की कमजोरियों, कार्यकर्ताओं की नाराजगी और बूथ प्रबंधन की समीक्षा की गई। दूसरे राज्यों के अनुभवी संगठन नेताओं को भी उत्तर प्रदेश की चुनावी जिम्मेदारी देने की योजना पर मंथन किया। इसके लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, आंध्र प्रदेश–तेलंगाना, झारखंड और महाराष्ट्र के संगठन पदाधिकारियों की पश्चिम, ब्रज, कानपुर–बुंदेलखंड, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्र में भूमिका तय की जाएंगी।

कल योगी का बरसाना दौरा परखम आएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

यूनिक समय, मथुरा। मंगलवार को गौ ग्राम परखम में आयोजित योजना बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब तीन बजे बरसाना की माताजी गौशाला पहुंचेंगे। यहां ब्रह्मलीन रमेश बाबा को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वह आगरा होते हुए लखनऊ रवाना होंगे। वहीं, बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सुबह गौ ग्राम परखम आएंगे।

एक हजार पुलिसकर्मी रहे तैनात

यूनिक समय, मथुरा। गौ ग्राम परखम में दो दिवसीय योजना बैठक के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। आगरा समेत पांच जिलों से पुलिस बल बुलाया गया है। कार्यक्रम स्थल और आसपास करीब एक हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जबकि एंटी ड्रोन टीम ने भी निगरानी की। वहीं, सुबह से शाम तक फरह कस्बा स्थित अंडरपास जाम से जूझता रहा, जबकि बैठक में शामिल होने के लिए आने वाले नेताओं के लिए सालों से बंद फतिहा कट को खोला गया, जहां पुलिसकर्मी तैनात रहे।



स्कूलों में चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान, बिना हेलमेट प्रवेश पर रोक

यूनिक समय, मथुरा। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 30 नवंबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य विद्यालयों के प्रवेश द्वार पर निगरानी कर नियमों का उल्लंघन करने वालों को जागरूक करेंगे। अभियान में शिक्षक, अभिभावक और स्कूली वाहन चालक भी शामिल होंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर शपथ दिलाई जाएगी। मास्टर ट्रेनर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। स्काउट–गाइड, एनएसएस, एनसीसी और रोवर्स–रेंजर्स के स्वयंसेवक भी भाग लेंगे। भाषण और क्विज प्रतियोगिताओं के साथ नुक्कड़ नाटकों का आयोजन होगा। अभियान में स्कूली बसों की सुरक्षा व्यवस्था जांची जाएगी। चालकों का सरकारी अस्पतालों में सामान्य स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कराया जाएगा। विद्यार्थियों को 18 वर्ष से कम

विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी यातायात नियमों की शपथ

नाबालिगों के वाहन चलाने पर रहेगी निगरानी

स्कूली वाहन चालकों का होगा स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण

उम्र में वाहन नहीं चलाने, दोपहिया पर हेलमेट लगाने, तेज गति और स्टंट से बचने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। राह–वीर योजना और प्रधानमंत्री राहत योजना का प्रचार भी होगा। शासन ने सभी विभागों को समन्वय से अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के कार्यालय पहुंचने वाले कर्मचारियों को सार्वजनिक रूप से सचेत किया जाएगा। कार्यालय परिसरों में चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

हाईवे किनारे से डेढ़ लाख की एलडी पन्नी चोरी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

यूनिक समय, कोसीकलां। नगर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। हाईवे स्थित गोपाल गार्डन के सामने से अज्ञात चोर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की एलडी पन्नी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, लालाराम मार्ग निवासी अकबर पुरानी स्क्रैप का कारोबार करता है। उसका कबाड़ का सामान हाईवे पर गोपाल गार्डन के सामने डॉ. शेख के मैरिज होम के पीछे खाली मैदान में रखा हुआ था। मैदान में एलडी पन्नी और पुरानी लकड़ी आदि रखी थी। पीड़ित के अनुसार वह दिनांक 12 नवंबर को किसी काम से बाहर गया था। जब 16 नवंबर की सुबह वह अपने सामान को देखने पहुंचा तो वहां रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की एलडी पन्नी गायब मिली। आसपास पूछताछ करने पर कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोर उसकी पन्नी चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शादी के वक्त कितनी थी उम्र जनगणना में देना होगा जवाब

यूनिक समय, मथुरा। जनगणना-2027 में लोगों को अपनी शादी के समय की उम्र भी बतानी होगी। इसके साथ पति या पत्नी का नाम, वर्तमान वैवाहिक स्थिति और बच्चों की संख्या की जानकारी भी दर्ज कराई जाएगी। जनगणना के लिए तैयार 40 सवालों में शिक्षा, रोजगार, जाति, धर्म, दिव्यांगता और पलायन से जुड़े विवरण भी शामिल हैं।

एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने लोगों से स्व-गणना में भाग लेकर परिवार की सही जानकारी दर्ज करने की अपील करते बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलने वाली स्व–गणना आईडी सुरक्षित रखनी होगी। घर पहुंचने वाले प्रगणक इसी आईडी के माध्यम से दर्ज विवरण का सत्यापन करेंगे।

जनगणना–2027 के 40 सवालों में वैवाहिक स्थिति, पति पत्नी का नाम और बच्चों की संख्या भी होगी दर्ज

एडीएम ने बताया कि जिले में 30 नवंबर तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। लोग आधिकारिक पोर्टल पर परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक जनगणना कर्मी घर-घर पहुंचकर जानकारी जुटाएंगे और स्व-गणना में दर्ज विवरण का सत्यापन करेंगे।

गो ग्राम परखम से उप मुख्यमंत्री केशव की ललकार

अखिलेश आएं तो साथ करेंगे कारसेवा

रामगोपाल के बयान पर अखिलेश यादव मांगे मांफी, सपा को बताया परिवार और अपराधियों की समर्थक

यूनिक समय, मथुरा। सोमवार को फरह के गो ग्राम परखम स्थित पं. दीनदयाल कामधेनु गौशाला परिसर में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय योजना बैठक में पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर जमकर निशाना साधा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है, उसी तरह मथुरा में भी भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनेगा। उन्होंने अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि वह भी साथ आएं


पत्रकारों से बात करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

तो मिलकर कारसेवा करेंगे।

मौर्य ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए न्यायिक प्रक्रिया, आपसी बातचीत और सहमति सहित सभी रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विषय करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है और वहां भव्य मंदिर बनना चाहिए। सपा नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बयान को लेकर उप मुख्यमंत्री ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बयान से दलित समाज और डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान हुआ है। इसके लिए अखिलेश यादव को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति में पिछड़ों, दलितों और गरीबों के हितों की जगह परिवार का हित प्राथमिकता में रहता है।

मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ों, दलितों, गरीबों और महिलाओं की हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन उसका असली चरित्र परिवार और अपराधियों का समर्थन करना है। सपा शासनकाल में प्रदेश ने गुंडाराज, भ्रष्टाचार और दंगों का दौर देखा। भाजपा सरकार का लक्ष्य गुंडागर्दी, अपराध और माफिया का सफाया कर विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है।

लैपटॉप वाले बयान पर भी किया पलटवार

सपा की ओर से लैपटॉप और तकनीक को लेकर दिए गए बयानों पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता को गुंडाराज नहीं, विकास चाहिए। सरकार गरीबों के कल्याण, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

मथुरा के 1266 परिषदीय स्कूलों में कल से इम्तिहान

यूनिक समय, मथुरा। जिले के 1266 परिषदीय विद्यालयों में सोमवार से अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू होंगी। कक्षा एक से आठ तक के करीब सवा लाख विद्यार्थी 17 से 21 नवंबर तक पांच दिनों में परीक्षा देंगे। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएंगी।

विद्यालय स्तर पर परीक्षा कराने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापकों को सौंपी गई है।

विकासखंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी और जिला स्तर पर बीएसए परीक्षा की निगरानी करेंगे। परीक्षा में कक्षावार व्यवस्था अलग-अलग रहेगी। कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि कक्षा दो और तीन में लिखित-मौखिक परीक्षा का अधिभार 50-50 प्रतिशत रहेगा। कक्षा चार और पांच में लिखित परीक्षा 70 और मौखिक परीक्षा 30 प्रतिशत की होगी। कक्षा छह से

कक्षा एक से आठ तक के सवा लाख विद्यार्थी देंगे अर्धवार्षिक परीक्षा 21 नवंबर तक दो पालियों में होंगी परीक्षाएं

आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षा पूरी तरह लिखित होगी। सभी कक्षाओं के प्रश्नपत्र 50 अंकों के होंगे। इनमें बहुविकल्पीय, अति लघु, लघु और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

बीएसए रतन कीर्ति ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को परीक्षा की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर निर्धारित समय में परिणाम तैयार कराया जाएगा। लापरवाही मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी।

आठ हजार लाइटों से जगमगाएगा जंक्शन रेलवे स्टेशन

उच्चाधिकारियों को भेजा पांच हजार नई लाइटें लगाने का प्रस्ताव



यूनिक समय, मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन को रोशनी से जगमगाने की तैयारी की जा रही है। स्टेशन परिसर और सभी 11 प्लेटफार्मों पर पांच हजार नई लाइटें लगाने का प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद स्टेशन पर लाइटों की संख्या बढ़कर करीब आठ हजार हो जाएगी।

वर्तमान में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर और सभी 11 प्लेटफार्मों पर करीब तीन हजार लाइटें लगी हुई हैं। यात्रियों की सुविधा और स्टेशन परिसर में बेहतर रोशनी की व्यवस्था के उद्देश्य से अब अतिरिक्त लाइटें लगाने की योजना बनाई गई है। इसके तहत प्लेटफार्मों के साथ स्टेशन के अन्य हिस्सों में भी प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाएगा।

नई लाइटें लगने से स्टेशन परिसर पहले की अपेक्षा अधिक रोशन होगा। इससे रात के समय यात्रियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। साथ ही प्लेटफार्मों पर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों को भी बेहतर रोशनी का लाभ मिलेगा। फिलहाल पांच हजार अतिरिक्त लाइटें लगाने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों की मंजूरी के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

> “ समूचे जंक्शन परिक्षेत्र में करीब तीन हजार लाइटें लगी हैं। अब इनकी संख्या में इजाफा किया जाएगा। इसके लिए पांच हजार लाइटों का प्रस्ताव बना कर उच्चाधिकारियों को भेजा गया है।
>
> **-सुनील कुमार शर्मा, स्टेशन निदेशक।**



सार संक्षेप

चोरी की बाइक और तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। मांट पुलिस ने चेकिंग के दौरान दरवे नहर पुल से सरजू उर्फ सज्जू पुत्र ज्ञानपाल निवासी रोशन विहार कॉलोनी, लक्ष्मीनगर, थाना जमुनापार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा और 315 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

260 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। कोतवाली पुलिस ने धौली प्याऊ फाटक से रेलवे कॉलोनी तिराहे के पास चेकिंग के दौरान सद्दाम पुत्र जावेद निवासी नवनीत नगर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 260 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। गोविंदनगर पुलिस ने रानी राधापुरम बॉर्डर स्थित हनुमान मंदिर के पास से समीर उर्फ कांचा पुत्र मजीद निवासी जयसिंहपुरा खादर, तमोली धर्मशाला के पास, थाना गोविंदनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

कोसीकलां हाईवे पर रफ्तार का कहर, ट्रॉला ने कार में मारी टक्कर

यूनिक समय, कोसीकलां। दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे-19 पर कोसीकलां में रविवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। हाईवे पर आगे चल रही एक कार में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रॉला ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर हाईवे की लोहे की रेलिंग तोड़ती हुई करीब 20 फीट नीचे सर्विस रोड पर जा गिरी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा दोपहर के समय हुआ। कार कोसीकलां से मथुरा की ओर जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे ट्रॉला ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार बेकाबू हो गई और रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और चीख-पुकार मच गई। कार में सवार एक व्यक्ति इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद घायल को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी कोसीकलां में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं हादसे के बाद ट्रेला चालक अपना ट्रेला लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रेला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार ट्रेले की पहचान करने में जुटी है।

बुजुर्ग यात्री के लिए फरिश्ता बने आरपीएफ के जवान

चलती उत्कल एक्सप्रेस से लटक गए थे बुजुर्ग आरपीएफ जवानों ने जान पर खेलकर बचाई जान



बुजुर्ग यात्री की जान बचाने वाले आरपीएफ के उप निरीक्षक सुजीत सिंह चंदेल।

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा जंक्शन पर सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चलती कलिंग उत्कल एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में 64 वर्षीय बुजुर्ग यात्री ट्रेन के गेट से लटक गया और उसके दोनों पैर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गए। मौके पर तैनात आरपीएफ के दो उप निरीक्षकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना उसे खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जवानों की तत्परता से बुजुर्ग की जान बच गई और उसे कोई चोट भी नहीं आई।

जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से गाड़ी संख्या 18478 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस दोपहर 2:03 बजे निर्धारित ठहराव के बाद रवाना हो रही थी। त्योहार के चलते स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। इसी दौरान कुछ यात्री समय पर ट्रेन में सवार नहीं हो सके। इनमें से एक 64 वर्षीय बुजुर्ग यात्री ने एस-1 कोच में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। संतुलन बिगड़ने से वह गेट पर लटक गया और उसके दोनों पैर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गए।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के उप निरीक्षक सुजीत सिंह चंदेल और आरपीएसएफ के उप निरीक्षक टीआई सिंह ने तत्काल बुजुर्ग को पकड़कर ट्रेन से सुरक्षित दूरी पर खींच लिया। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम प्रसाद महापात्र और निवासी ओडिशा बताया। उन्होंने प्राथमिक उपचार लेने से भी इनकार कर दिया।

इसी बीच ट्रेन में छूटे यात्रियों के शोर मचाने पर किसी यात्री ने एसीपी कर दी। ट्रेन रुकने पर सभी यात्रियों को सुरक्षित सवार कराया गया। इसके बाद ट्रेन रवाना हुई। घटना की जानकारी पर सहायक सुरक्षा आयुक्त परिक्षेत्र और प्रभारी निरीक्षक यूके कौशिक भी मौके पर पहुंचे। आरपीएफ अधिकारियों की इस बहादुरी और मानवीय संवेदनशीलता की यात्रियों ने जमकर सराहना की।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

यूनिक समय, मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र में बस की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे ने बस के अज्ञात चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगला मौरा थाना जैंत निवासी मनोज द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके पिता दामोदर 26 अक्टूबर को बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। हाईवे थाना क्षेत्र स्थित ग्राम दतिया के निकट पीछे से आ रही बस के अज्ञात चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसके पिता गंभीर घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गृह कलेश के चलते फंदे पर झूली विवाहिता

मृतका के भाई ने पुलिस को दी सूचना

यूनिक समय, मथुरा। हाइवे थाना क्षेत्र स्थित शिवनगर कॉलोनी में गृह कलेश के चलते विवाहिता फंदे पर झूल गई। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रमा जरौथ थाना सादाबाद जिला हाथरस निवासी मोनवीर पुत्र पप्पू सिंह ने सोमवार की सुबह यूपी 112 पर फोन कर सूचना दी कि शिवनगर कालोनी सतोहा में रहने वाली उसकी 36 वर्षीय बहन कान्ता देवी पत्नी पवन ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी है। सूचना पर हाइवे थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निरवाल और सतोहा चौकी प्रभारी चन्द्रवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार कान्ता देवी की शादी करीब 17 वर्ष पूर्व शिवनगर कोलोनी सतोहा निवासी पवन के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। गृह कलेश के चलते कान्ता देवी ने घर में फंदा लगा कर जान दी है। जिस समय पुलिस पहुंची तब मौके पर ससुराल और मायका पक्ष के लोग मौजूद थे। किसी भी पक्ष के द्वारा कोई आपत्ति प्रकट नहीं की।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर ब्रेक फेल होने से कंटेनर दूसरे में घुसा

सोमवार देर रात हुए हादसे में चालक और क्लीनर घायल



यूनिक समय, सुरीर। यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार देर रात ब्रेक फेल होने से एक कंटेनर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे दूसरे कंटेनर में पीछे से जा घुसा। हादसे में कंटेनर चालक और क्लीनर घायल हो गए। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब एक बजे नोएडा से आगरा की ओर जा रहा कंटेनर यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 75 के समीप पहुंचा। इसी दौरान अचानक कंटेनर के ब्रेक फेल हो गए। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और कंटेनर आगे चल रहे दूसरे कंटेनर से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कंटेनर चालक शंकर दयाल शर्मा पुत्र देवीशरण शर्मा निवासी सनीवीर, गया, भिंड-मुरैना मध्य प्रदेश और क्लीनर छोटू पुत्र गोपाल को चोटें आईं। घटना की सूचना हाईवे की रोमियो टीम से मिलने पर बाजना कट मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को सड़क से हटवाकर यार्ड में खड़ा कराया, जिससे एक्सप्रेस-वे पर यातायात बाधित न हो। इसके बाद यातायात व्यवस्था को सुचारू करा दिया गया। पुलिस के अनुसार, हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



अक्षय नवमी पर उमड़ेगी आस्था, मानव शृंखला से पटेंगे परिक्रमा मार्ग

भोर से गूंजेंगे राधे-राधे के जयकारे, भीड़ संभालने और परिक्रमार्थियों की सुविधा के लिए प्रशासन ने कसी कमर



सोमवार को मथुरा की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।



परिक्रमा मार्ग स्थित नवनीत नगर में सफाई करते निगम के कर्मचारी।



परिक्रमा मार्ग स्थित अंतापाड़ा में रोशनी को लगाई हैलोजन लाइट।

यूनिक समय, मथुरा। अक्षय नवमी पर बुधवार को धर्मनगरी मथुरा में आस्था का सैलाब उमड़ेगा। भोर होते ही पंचकोसीय परिक्रमा शुरू हो जाएगी। शहर के अंदर और बाहरी परिक्रमा मार्गों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मानव शृंखला का दृश्य प्रस्तुत करेंगी। भीड़ के दबाव को देखते हुए प्रशासन और नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परिक्रमा मार्गों पर सफाई, रोशनी और रास्तों को व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को रात और सुबह के समय परेशानी न हो।

नगर निगम ने अंता पाड़ा परिक्रमा मार्ग पर हैलोजन लाइटें लगवानी शुरू कर दी हैं। नवनीत नगर में कचरा हटवाया जा रहा है, जबकि कंकाली मंदिर के पास सोमवार को चूने का छिड़काव कराया गया। गुरु नानक नगर रेलवे पुलिया के आसपास गंदगी को पर्दे लगाकर ढका गया है। प्रशासनिक तैयारियों का उद्देश्य परिक्रमा मार्ग को साफ-सुथरा और सुगम बनाना है। श्रद्धालुओं की आवाजाही के रास्तों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। अक्षय नवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना के मद्देनजर सरकारी मशीनरी सक्रिय हो गई है। परिक्रमा के मुख्य दिन भीड़ का दबाव बढ़ने से पहले व्यवस्थाएं पूरी करने की कोशिश की जा रही है। सोमवार से ही कुछ श्रद्धालुओं ने परिक्रमा शुरू कर दी है। बुधवार को मुख्य पर्व पर भोर से ही राधे-राधे के जयकारों के बीच परिक्रमा का सिलसिला तेज होगा।

नहरों में सफाई गायब, मंत्री के सामने दौड़ पड़े सिंचाई विभाग के अफसर



नहरों की सफाई ठीक से करा दो, खेतों की सिंचाई को पानी जल्द दे दो। सिंचाई विभाग के अधिकारी को कुछ ऐसे अंदाज में समझाते प्रदेश के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

परखम में चामुंडा मंदिर के पास नहर का औचक निरीक्षण कर स्वतंत्र देव सिंह ने पकड़ी खामियां

मंत्री को देख सड़क पर दौड़ते नजर आए अधिकारी, दो टूक चेतावनी- सिंचाई में कोताही नहीं चलेगी

यूनिक समय, मथुरा। नहरों की सफाई के दावे और मौके की हकीकत में अंतर देख सोमवार प्रदेश के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह स्वतंत्र देव सिंह का पारा चढ़ गया। भाजपा की दो दिवसीय योजना बैठक में शामिल होने फरह के गांव परखम पहुंचने से पहले ही मंत्री सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली परखने निकल पड़े।

परखम में चामुंडा मंदिर के पास नहर पर अचानक मंत्री की गाड़ी रुकी तो विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गई। मंत्री ने मौके पर व्यवस्थाएं देखीं तो खामियां सामने आईं। नाराज मंत्री के सख्त तेवर देख अधिकारी सड़क पर पैदल दौड़ते नजर आए।

दरअसल, आगामी फसलों की बुवाई का समय नजदीक है। किसानों को समय से पानी मिल सके, इसके लिए नहरों और माइनरों की सफाई के साथ उनमें पानी छोड़ने की व्यवस्था पहले ही दुरुस्त हो जानी चाहिए थी। शासन ने भी निर्धारित समय में सफाई पूरी कराने और पानी छोड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया समय से पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद विभागीय कामकाज में सुस्ती की शिकायतें मिल रही थीं।

इन्हीं तैयारियों की हकीकत जानने मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सीधे नहर पर पहुंच गए। निरीक्षण में सफाई और व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को जमकर खरी-खरी सुनाई। अचानक हुए इस निरीक्षण ने विभागीय अमले की तैयारियों की पोल खोल दी। मंत्री को मौके पर देखकर अधिकारी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने और व्यवस्थाएं दिखाने के लिए दौड़ते नजर आए।

मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि नहरों और माइनरों की सफाई में कोई ढिलाई न बरती जाए। टेंडर प्रक्रिया समय से पूरी कराकर किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए।

बुवाई के समय पानी की कमी से किसान परेशान हुए तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। किसानों की जरूरत से जुड़े कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, मुकेश खंडेलवाल, नगर निगम पार्षद नीरज वशिष्ठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वायरल वीडियो से

वृंदावन में तीन बाइक सवारों की दबंगई कार चालक को बैरिकेडिंग से पीटा



महिला ने बचाने का किया प्रयास, फिर भी नहीं रुकी मारपीट

यूनिक समय, मथुरा। वृंदावन में मल्टीलेवल पार्किंग के सामने तीन बाइक सवारों की दबंगई का मामला सामने आया है। यहां कार सवार के साथ युवकों ने जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बाइक सवार युवक कार चालक को बैरिकेडिंग से पीटते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि इस दौरान दोनों पक्षों के बीच दो बार विवाद हुआ।

मारपीट के दौरान एक महिला ने बीच-बचाव कर कार चालक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन बाइक सवार युवकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा और वे मारपीट करते रहे। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

वायरल वीडियो को लेकर लोगों ने यूपी पुलिस, डीजीपी, आगरा जोन के एडीजी और मथुरा पुलिस को टैग कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वृंदावन पहुंचे, दो दिन करेंगे प्रवास



पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में होटल के बाहर तैनात पुलिस।

यूनिक समय, मथुरा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवार को सपरिवार दो दिवसीय धार्मिक-निजी प्रवास पर वृंदावन पहुंचे। उनके आगमन को लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पूर्व राष्ट्रपति पत्नी सविता कोविंद और पुत्री स्वाति कोविंद के साथ रुक्मिणी विहार स्थित एक निजी होटल में ठहरे हैं। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर होटल की ओर जाने वाले मार्ग पर आम वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। रास्ते पर जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रामनाथ कोविंद को रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचकर साधु-संतों से मुलाकात करनी थी, लेकिन मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी भजनानंद के निधन के चलते कार्यक्रम अंतिम समय में निरस्त कर दिया गया। स्वामी भजनानंद पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बेलूर मठ से वृंदावन लाया गया था। यहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

पूर्व राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। होटल की ओर जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग कर आम वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। दो दिवसीय प्रवास के दौरान रामनाथ कोविंद के धार्मिक और निजी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ



सड़क सुरक्षा पखवाड़े के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते विधायक पूरन प्रकाश, साथ हैं एआरटीओ नीतू सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) सतेन्द्र सिंह व अन्य।

यूनिक समय, मथुरा। परिवहन विभाग की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को परमेश्वरी देवी धानुका विद्यालय में किया गया। शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में विधायक पूरन प्रकाश ने आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के महत्व पर जोर दिया। प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने भी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को जरूरी बताया।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें और लापरवाही से बचें। कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन नीतू सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सतेन्द्र सिंह सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्कल एक्सप्रेस में चढ़ना पड़ा भारी, मौत के मुंह से निकला बुजुर्ग



यूनिक समय, मथुरा। मथुरा जंक्शन पर सोमवार को चलती कलिंग उत्कल एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में 64 वर्षीय बुजुर्ग यात्री हादसे का शिकार होते-होते बच गया। ट्रेन के गेट पर लटके यात्री के दोनों पैर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गए। मौके पर तैनात आरपीएफ उप निरीक्षक सुजीत सिंह चंदेल और आरपीएसएफ उप निरीक्षक टीआई सिंह ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बाहर खींच लिया। प्लेटफॉर्म नंबर एक से ट्रेन संख्या 18478 दोपहर 2:03 बजे रवाना हो रही थी। इसी दौरान ओडिशा निवासी प्रसाद महापात्र एस-1 कोच में चढ़ने लगे और संतुलन बिगड़ने से फंस गए। यात्रियों के शोर मचाने पर ट्रेन में एसीपी भी की गई। ट्रेन रुकने के बाद छूटे यात्रियों को सुरक्षित चढ़ाया गया। बुजुर्ग ने प्राथमिक उपचार लेने से इनकार कर दिया। दोनों जवानों की बहादुरी की यात्रियों ने सराहना की।

टिकट जांच में विपिन कुमार ने एक दिन में वसूले 1.33 लाख रुपये

यूनिक समय, मथुरा। आगरा मंडल में टिकट जांच अभियान के तहत 15 नवंबर को तीन टिकट जांच कर्मचारियों ने एक ही दिन में 2,36,465 रुपये का रेल राजस्व अर्जित किया। इनमें मथुरा के चल टिकट निरीक्षक विपिन कुमार ने 105 मामलों में सर्वाधिक 1,33,055 रुपये की आय अर्जित कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं आगरा कैंट के चल टिकट निरीक्षक सैय्यद मुदस्सर ने 64 मामलों में 52,400 रुपये और मथुरा के रवेंद्र कुमार ने 55 मामलों में 51,010 रुपये का राजस्व अर्जित किया। तीनों कर्मचारियों ने कुल 224 मामलों में यह उपलब्धि हासिल की। मंडल रेल प्रशासन ने यात्रियों से उचित टिकट लेकर यात्रा करने की अपील की है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षण पद्धति और रोजगारपरक शिक्षा पर किया मंथन

यूनिक समय, मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के एसोसिएट हेड प्रो. कृष्णवीर सिंह ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना स्थित नजरबायेव विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

सम्मेलन का विषय 'शेपिंग द फ्यूचर ऑफ हायर एजुकेशन : री–इमैजिनिंग टीचिंग एंड लर्निंग क्वालिटी' रहा। इसमें



प्रो. कृष्णवीर सिंह

कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मंच पर जीएलए के प्रोफेसर ने गिनाई शैक्षणिक उपलब्धियां

विभिन्न देशों के शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने पर विचार साझा किए। प्रो. कृष्णवीर सिंह ने सम्मेलन के एक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की और एनयू शिक्षण सम्मेलन-2026 में प्रस्तुति दी। उन्होंने जीएलए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रबंधन शिक्षा और रोजगारपरक शिक्षण पद्धतियों की जानकारी साझा की। साथ ही किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक शिक्षा की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ शैक्षणिक साझेदारी, संयुक्त शोध और शिक्षक–विद्यार्थी आदान-प्रदान की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संकाय निदेशक प्रो. अनुराग सिंह और विभागाध्यक्ष प्रो. उत्कल खंडेलवाल ने प्रो. कृष्णवीर सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऐसे सम्मेलनों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों की भागीदारी से उन्हें दूसरे देशों की शिक्षा व्यवस्था और पढ़ाने के नए तरीकों को समझने का अवसर मिलता है। साथ ही, अपने अनुभवों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा करने से विश्वविद्यालय की पहचान भी मजबूत होती है।

कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, सीईओ नीरज अग्रवाल, सीएफओ डॉ. विवेक अग्रवाल और कुलसचिव अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

कंस वध मेले में कृष्ण विरोधियों के पुतले कूटने की उठी मांग



कंस वध मेले की तैयारियों को लेकर जानकारी देते परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक।

यूनिक समय, मथुरा। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद और अखिल भारतीय चतुर्वेदी पुरोहित महासभा की ओर से चार दिवसीय श्रीकृष्ण महोत्सव (कंस वध मेला) धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने भगवान श्रीकृष्ण के विरोधियों के पुतले भी कंस की तरह कूटे जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की थी, उसी परंपरा के अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण के विरोधियों के पुतले कूटे जाने चाहिए। इस संबंध में जनता की राय लेकर उचित समाधान निकाला जाएगा।

महेश पाठक ने कहा कि कंस वध मेला भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और अत्याचार पर धर्म की विजय का प्रतीक है। चार दिवसीय महोत्सव के तहत 17 नवंबर को गोपाष्टमी, 18 नवंबर को भजन संध्या, 19 नवंबर को कंस वध मेला और 20 नवंबर को भाग्य दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया

मुख्य संरक्षक महेश पाठक बोले- जनता की राय लेकर निकाला जाएगा समाधान 17 से 20 नवंबर तक होंगे आयोजन

जाएगा।परिषद के अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए पूरी टीम को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

वार्ता में संरक्षक नवीन नागर, गिरधारी लाल पाठक, राकेश तिवारी एडवोकेट, उपाध्यक्ष योगेंद्र चतुर्वेदी, कमल चतुर्वेदी, आशीष चतुर्वेदी, श्रीकांत चतुर्वेदी, दिलीप चतुर्वेदी, शशिकांत सीपु, अमन सरदार, संजय चतुर्वेदी, हरदेव चतुर्वेदी, हप्पू, श्याम चतुर्वेदी, नीरज चतुर्वेदी और गोपाल पाठक आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री संजय चतुर्वेदी ने किया।

अन्नकूट और भजन संध्या में भजनों पर झूमीं बहनें



कार्यक्रम में मौजूद श्री यमुना महारानी सेवा समिति की पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। श्री यमुना महारानी सेवा समिति की ओर से वृंदावन दरवाजा स्थित अग्रवाल सेवा सदन में अन्नकूट-भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। संस्थापिका पुष्पा बंसल, अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, संरक्षिका सरोज भरतिया और शालू अग्रवाल ने यमुना महारानी और राधा-कृष्ण के छविचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गायिका सुनीता तोमर ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की। गिरिराज महाराज और यमुना जी के जयकारों के बीच उन्होंने 'छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज' और 'श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहयौ' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर महिलाओं ने आकर्षक नृत्य कर माहौल भक्तिमय बना दिया। वहीं

गोवर्धन महाराज के भजनों पर महिलाओं ने किया आकर्षक नृत्य

अशोक कूकन ने 'गोविंद चले आओ, गोपाल चले आओ' भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सामूहिक आरती के साथ भजन संध्या का समापन हुआ। इसके बाद सभी ने अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया और गिरिराज महाराज के जयकारे लगाए। संचालन नेहा अग्रवाल ने किया। अंत में पुष्पा बंसल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी गुप्ता, शशि, बबली, आशा, नीता, मीता, प्रीति, प्रिया, शिवानी, बरखा, किशोरी, मंजु, संगीता, कविता, ममता, शांतिस्वरूप बंसल और गोकुलचंद्र सर्राफ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड परीक्षा की उलटी गिनती शुरू, जनवरी में प्री–बोर्ड

पांच फरवरी से शुरू होंगी हाईस्कूल–इंटर की परीक्षाएं

दिसंबर तक पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश

विद्यार्थियों को मिलेंगे रिवीजन के लिए 30 दिन

यूनिक समय, मथुरा। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में अब केवल 82 दिन शेष हैं। पांच फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले जनवरी में प्री–बोर्ड और प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएंगी। माध्यमिक विद्यालयों को दिसंबर तक पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले दोहराव और तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके।

जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार जनवरी में प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। इसी महीने इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान समेत अन्य विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी कराई जाएंगी। हाईस्कूल में आंतरिक मूल्यांकन और प्रयोगात्मक विषयों का आकलन होगा। इन परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम परिषद की ओर से जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को नियमित पढ़ाई के साथ पाठ्यक्रम पूरा कराने और रिवीजन पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

प्री-बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों की तैयारी का आकलन होगा। इसमें कमजोर विषयों और विद्यार्थियों को चिन्हित कर अतिरिक्त कक्षाओं के जरिए तैयारी कराई जाएगी।

मॉडल पेपर से करें समय प्रबंधन का अभ्यास

यूपी बोर्ड ने सभी विषयों के मॉडल प्रश्नपत्र जारी कर दिए हैं। परिषद की वेबसाइट यूपी एमएसपी. ईडीयू. इन पर मॉडल पेपर उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को तीन घंटे 15 मिनट की निर्धारित अवधि में पूरा प्रश्नपत्र हल करने का अभ्यास करना चाहिए। इससे प्रश्नपत्र के प्रारूप, अंक विभाजन और समय प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। साथ ही कमजोर विषयों और पाठों की पहचान कर समय रहते उनमें सुधार किया जा सकेगा।

वांछित आरोपी मोबाइल सहित गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। रिफाइनरी पुलिस ने एनएच–19 से रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी बसंत पुत्र स्व. रमेश चंद्र निवासी छत्ता बाजार, थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई।

28 नवंबर को विशेष लोक अदालत में होंगे वाहनों के चालानों के निस्तारण

यूनिक समय, मथुरा। मोटर वाहन अधिनियम के तहत लंबित चालानों के निस्तारण के लिए 28 नवंबर (शनिवार) को जनपद न्यायालय में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में होने वाली यह लोक अदालत सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता सिंह ने बताया कि लोक अदालत में मोटर वाहन अधिनियम के लंबित चालानों का नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने वाहन स्वामियों और चालानकर्ताओं से निर्धारित तिथि व समय पर न्यायालय पहुंचकर लंबित चालानों का निस्तारण कराने और विशेष लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

टीटीजेड की 10 औद्योगिक इकाइयों को स्थापना और विस्तार की मंजूरी

आगरा की सात और मथुरा की तीन इकाइयों को मिला अनुमोदन

औद्योगिक निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

यूनिक समय, आगरा। ताज ट्रैपेजियम जोन (टीटीजेड) क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सोमवार को मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 69वीं बैठक हुई। इसमें औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और विस्तारीकरण के 10 आवेदनों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। इनमें आगरा की सात और मथुरा की तीन औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं। बैठक में सेंट्रल इम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) के सदस्य अंजन कुमार मोहंती और नीरी के मुख्य वैज्ञानिक-अध्यक्ष डॉ. एसके गोयल मौजूद रहे।

बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा के साथ ठोस कूड़ा प्रबंधन, टीटीजेड क्षेत्र के जनपदों की परिवेशीय वायु गुणवत्ता और एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों की स्थापना पर चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि उद्योगों के अलावा वायु प्रदूषण के अन्य स्रोतों पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जाए। हाथरस में एक माह के भीतर एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित करने और लंबित अनुपालन आख्या शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में औद्योगिक इकाइयों के स्थापना और विस्तारीकरण के अन्य आवेदनों की स्क्रूटनी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद पात्र इकाइयों को जल्द अनुमोदन दिया जाएगा। इससे टीटीजेड क्षेत्र में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में डीएमआगरा मनीष कुमार बंसल, एडीए उपाध्यक्ष विजय कुमार, वन संरक्षक अनिल कुमार पटेल, प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी विश्वनाथ शर्मा, आगरा-फिरोजाबाद के नगरायुक्त, आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद के डीएफओ, उपायुक्त उद्योग तथा टीटीजेड सदस्य उमेश शर्मा और विजय गुप्ता मौजूद रहे।

डेढ़ माह के मासूम की क्षतिग्रस्त आंत काटकर बचाई जान

यूनिक समय, मथुरा। केडी मेडिकल कॉलेज–हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी कर डेढ़ माह के मासूम को नया जीवन दिया है। बच्चा आंतों में गंभीर रुकावट और गैंग्रीन की समस्या से जूझ रहा था। शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी शर्मा ने सात नवंबर को ऑपरेशन कर करीब 35 सेंटीमीटर क्षतिग्रस्त छोटी आंत निकालकर स्वस्थ आंत को आपस में जोड़ दिया। अब बच्चा स्वस्थ है और मां का दूध पीने के साथ सामान्य रूप से मल त्याग कर रहा है। 14 नवंबर को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

कृष्णा नगर की इंद्रलोक कॉलोनी निवासी संजय सिंह के बच्चे ने करीब एक माह की उम्र के बाद दूध पीना छोड़ दिया था। उसे हरे रंग की उल्टियां होने लगीं। परिजन ने कई शिशु रोग विशेषज्ञों और निजी अस्पतालों में उपचार कराया, लेकिन हालत में सुधार



मां की गोद में स्वस्थ मासूम और शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी शर्मा।

नहीं हुआ। इसके बाद बच्चे को केडी हॉस्पिटल में डॉ. श्याम बिहारी शर्मा को दिखाया गया। जांच के बाद पांच नवंबर को उसे अस्पताल में भर्ती किया गया।

केडी हॉस्पिटल में शिशु की जटिल सर्जरी, आंतों में फंसे होने से हो गई थी गैंग्रीन की समस्या

सात नवंबर को हुई सर्जरी में पता चला कि बच्चे की आंतें एक स्थान पर फंसी हुई थीं। आंतों में रक्त की आपूर्ति प्रभावित होने से करीब 35 सेंटीमीटर हिस्से में गैंग्रीन हो गई थी। ऑपरेशन के दौरान क्षतिग्रस्त हिस्सा निकालकर स्वस्थ आंत को जोड़ दिया गया। सर्जरी में योगेश ने तकनीकी सहयोग दिया। संस्थान के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने चिकित्सा टीम को बधाई दी। डीन एवं प्राचार्य डॉ. आरके अशोका ने कहा कि गंभीर बीमारियों में समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और सटीक उपचार बेहद महत्वपूर्ण है।

किराना दुकान की दीवार काट कर हजारों का सामान चोरी



चोरी की घटना को लेकर थाने में बातचीत करते व्यापारी।

पूर्व में भी दुकान में हो चुकी है चोरी

व्यापारियों ने की शीघ्र खुलासे की मांग

यूनिक समय, शेरगढ़। थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। कस्बे के अकबरपुर रोड स्थित एक किराना की दुकान को चोरों ने एक बार फिर निशाना बनाया। चोर दुकान की साइड वाली दीवार काटकर अंदर दाखिल हुए और हजारों रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार कन्हैया को हुई। जानकारी के अनुसार, दुकानदार कन्हैया पुत्र मटोल तिवारी 15 नवंबर रात करीब नौ बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। 16 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान की साइड की दीवार कटी हुई मिली और अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से दो बोरे पान मसाला, गुटखा, 10 टिन तेल, बीड़ी का एक कार्टून सहित अन्य किराना सामग्री गायब मिली। वहीं गल्ले में रखी करीब चार- पांच हजार रुपये की नकदी भी चोरी होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि इसी दुकान में 10 अगस्त को भी चोरी की घटना हो चुकी है। अब दूसरी बार चोरों ने उसी दुकान को निशाना बनाकर व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। घटना के संबंध में व्यापार मंडल अध्यक्ष बांकेलाल गर्ग ने थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं शेरगढ़ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासा करने और चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

क्राइम इंस्पेक्टर ने जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का अनावरण कर चोरी का माल बरामद किया गया था। हालांकि संबंधित दुकानदार ने अभी तक न्यायालय से माल रिलीज नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित कर दी जाएगी और जल्द ही चोरी की वारदात का खुलासा किया जाएगा।

मोबाइल की दुकान से तीन लाख का माल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए तीन चोर

यूनिक समय, कोसीकलां। नगर के अग्रसेन चौक स्थित बृजवासी मिष्ठान भंडार के सामने चोरों ने मोबाइल की दुकान को निशाना बनाकर करीब तीन लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी वारदात सामने स्थित अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में तीन चोर दुकान की छत के रास्ते अंदर घुसते दिखाई दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरधारी वॉच एंड मोबाइल सेंटर में चोरों ने सेंध लगाई। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर दुकान के अंदर जाते दिखाई दे रहे हैं। बताया गया है कि चोर करीब दो घंटे तक दुकान में रहे और वहां रखा कीमती सामान एक बड़े बोरे और बैग में भरकर ले गए। दुकान स्वामी के मुताबिक, चोर करीब तीन लाख रुपये के महंगे मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर के व्यस्त बाजार में हुई चोरी की इस वारदात से व्यापारियों में दहशत है। व्यापार मंडल ने पुलिस से घटना का जल्द खुलासा करने और बाजार में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।



मोबाइल की इस दुकान से चोर कर ले गए चोरी।

छत के रास्ते दुकान में घुसे शातिर, दो घंटे तक खंगालते रहे दुकान

कृष्ण-बलराम की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



शोभायात्रा में शामिल समिति के पदाधिकारी आदि।

यूनिक समय, मथुरा। सर्वजातीय मेले के अंतर्गत निकाली गई भगवान कृष्ण-बलराम की शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। करीब डेढ़ दर्जन आकर्षक झांकियों, अखाड़ों और बैंड की धुनों के बीच निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर स्वागत किया गया। मुख्य मेला संयोजक अजय कुमार सैनी, मेला संयोजक राकेश गौड़ और संस्थापक बंसीलाल शर्मा ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

इसके बाद हाथी वध लीला का प्रतीकात्मक मंचन हुआ। इसके बाद कृष्ण-बलराम के स्वरूपों ने हाथी के दांत उखाड़ने और वध करने की लीला प्रस्तुत की। केशवदेव मंदिर में सोहनलाल शर्मा, पंकज शर्मा, आशु शर्मा, पंडित दर्शन, उमेश सोनी, राजकुमार सोनी और सुनील शर्मा ने आरती कर प्रसाद वितरित किया। देवों बाबा मंदिर पर पार्षद नीरज वशिष्ठ, पंडित कुंज बिहारी और महंत ने आरती की। शोभायात्रा के खड़े श्री बाबा आश्रम पहुंचने पर महंत श्री बालक, राजकुमार, इंजीनियर राजेश पाठक, समिति के युवा अध्यक्ष पंडित सागर शर्मा, युवा महामंत्री मधुसूदन गोस्वामी, कुंजी पंडित, अखिलेश गौड़ और राकेश गौड़ ने स्वागत किया। आश्रम में आरती के बाद संस्थापक बंसीलाल शर्मा और राजनारायण गौड़ ने शोभायात्रा का समापन कराया। यात्रा में राजकुमार सैनी, चंद्रप्रकाश, व्यवस्थापक सुनील शर्मा, जनसंपर्क संयोजक दुर्गेश बघेल, मुकुंद गोस्वामी, स्वतंत्र तिवारी, विनोद शर्मा, सचिन गौड़, शुभा सक्सेना, गिरधारीलाल पाठक, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, विकास जैन, शैलेंद्र कुमार और रिजुल अग्रवाल सहित समिति के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक शामिल रहे। महिलाओं में जमुना शर्मा, रश्मि चतुर्वेदी, वैशाली जैन, अंजलि और ज्योति चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। पूजा-अर्चना पंडित मनोज मोहन शास्त्री ने कराई।

साहित्य, कला और संस्कृति के संगम के साथ अभिव्यक्ति का समापन



कार्यक्रम में मौजूद आर्मी विमेंस वेलफेयर एसोसिएशन की पदाधिकारी आदि।

यूनिक समय, मथुरा। आर्मी विमेंस वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) उत्तरी कमान की ओर से आयोजित दो दिवसीय साहित्यिक-सांस्कृतिक महोत्सव 'अभिव्यक्ति का तारापोर ऑडिटोरियम में समापन हुआ। महोत्सव में महिलाओं के साहस, उपलब्धियों, साहित्यिक प्रतिभा और रचनात्मकता को मंच प्रदान किया गया। महोत्सव के छठे संस्करण में लेखक, कवि, बुद्धिजीवी, कलाकार और आवा परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान आवा की अध्यक्ष कोमल सेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिनेई शर्मा और जोनल अध्यक्ष सुदीप्ता झा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रही। आयोजन में चार विशेष साहित्यिक सत्रों के माध्यम से महिला पहचान, नेतृत्व, बदलती सामाजिक भूमिकाओं और साहित्य के प्रभाव पर विचार साझा किए गए। 'इक्कोज़ ऑफ द सोल' काव्य सत्र में कविताओं के जरिए भावनाओं को अभिव्यक्ति दी गई। वहीं 'फ्रंटलाइन डायरीज़', लघु फिल्मों और लाइव सैंड आर्ट में साहस, बलिदान और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाया गया। ब्रज, राजस्थान और केरल की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महोत्सव ने साहित्य और कला के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया।

बदलते मौसम में बढ़ा सर्दी जुकाम और बुखार का खतरा

ठंडक और तापमान में उतार चढ़ाव से बढ़ रही मौसमी बीमारियां

यूनिक समय, सुगीर। गर्मी की विदाई के साथ मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। सुबह-शाम की ठंडक और दिन-रात के तापमान में अंतर लोगों की सेहत पर असर डालने लगा है। बदलते मौसम के बीच सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में जरा सी लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर तैनात चिकित्सक डॉ. एके मिश्रा ने लोगों को बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। हल्का गर्म पानी पीने और व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने की आदत डालें।



चिकित्सक डॉ. एके मिश्रा।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव का असर बच्चों और बुजुर्गों पर अधिक पड़ सकता है। इसलिए उन्हें विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। खानपान का ध्यान रखें और ठंडी चीजों के सेवन से बचें। उन्होंने अपील की कि मौसम के बदलते मिजाज को हल्के में न लें और समय रहते सावधानी बरतकर खुद को और परिवार को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखें।

बलदेवगंज में सजेगा फूलों का दिव्य बंगला

ठाकुर श्री सत्यनारायण के होंगे 56 भोग के अलौकिक दर्शन

यूनिक समय, कोसीकलां। नगर के बलदेवगंज स्थित प्राचीन ठाकुर श्री सत्यनारायण मंदिर में कार्तिक मास की वैकुंठ चतुर्दशी पर भव्य आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। 23 नवंबर को यहां फूल बंगला और छप्पन भोग की मनमोहक झांकी सजाई जाएगी।

मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु और भगवान शिव के मिलन का विशेष महत्व है। इस पावन अवसर पर ठाकुर जी का फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। गर्भगृह को गेंदा, गुलाब और विदेशी फूलों से सजाकर फूल बंगला बनाया जाएगा, जिसमें हरे वस्त्रों में सजे ठाकुर जी भक्तों को दर्शन देंगे। फूल बंगला के साथ ही ठाकुर जी के समक्ष 56 प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। समिति के अनुसार शाम सात बजे से फूल बंगला के दर्शन शुरू होंगे, जिसके बाद छप्पन भोग की आरती और प्रसाद वितरण होगा। इस अद्भुत और अलौकिक दर्शन का लाभ लेने के लिए समिति ने सभी धर्मप्रेमियों को सपरिवार आमंत्रित किया है।

खंडेलवाल वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाया छप्पन भोग महोत्सव



कार्यक्रम में मौजूद खंडेलवाल समाज के बंधु।

यूनिक समय, मथुरा। श्री खंडेलवाल वैश्य समाज कृष्णा नगर के तत्वावधान में स्थानीय खंडेलवाल सेवा सदन में श्री गिरिराजजी का छप्पन भोग-अन्नकूट प्रसादी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शुभारंभ शाम 7:30 बजे समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों-गणमान्य अतिथियों ने भगवान गिरिराज महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती के साथ किया। प्रभु को विधि-विधान से 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायकों ने 'छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल' और 'श्री गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर समाजबंधु और महिलाएं भाव-विभोर होकर झूम उठे। महोत्सव में मुख्य अतिथि संजू लाल खंडेलवाल (गोवर्धन), कार्यक्रम अतिथि अनिल झालानी और लक्ष्मीकांत खंडेलवाल रहे। अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल (ट्रैक्टर वाले), कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मेंठी, महामंत्री अजय खंडेलवाल एडवोकेट, भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज खंडेलवाल, मुकेश खंडेलवाल एडवोकेट, संरक्षक अमृत खंडेलवाल, कृष्ण मुरारी खंडेलवाल, अनुज खंडेलवाल, राधेश्याम एडवोकेट, जगदीश खंडेलवाल, तूही राम खंडेलवाल, दिनेश झालानी, रूपेंद्र खंडेलवाल, श्याम खंडेलवाल, गोपेश खंडेलवाल, लक्ष्मीनारायण खंडेलवाल, राजीव खंडेलवाल (दवाई वाले), राजेंद्र चौधरी खंडेलवाल और प्रदीप खंडेलवाल सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

शहनाइयों की गूंज के बीच सड़कों पर रहेगा जाम का शोर

देवउठनी एकादशी के पांच दिन बाद शुरू होगी शादियों की धूम, जिले में करीब 600 विवाह होने का अनुमान

मैरिज होम से टेंट हाउस तक बुकिंग फुल, बाजारों में बढ़ी रौनक, घर से निकलने से पहले देख लें रास्ता और समय

यूनिक समय, मथुरा। देवउठनी एकादशी का इंतजार अब खत्म होने वाला है। देवोत्थान के साथ ही कान्हा की नगरी में शहनाइयों की गूंज और बारातों की धूम शुरू हो जाएगी। जिले में शहर से लेकर कस्बों और देहात तक करीब 600 शादियां होने का अनुमान है। विवाह



समारोहों की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। मैरिज होम, गेस्ट हाउस, धर्मशालाओं और टेंट हाउस की बुकिंग लगभग फुल हो चुकी है। ऐसे में एक ओर बाजारों में खरीदारी की रौनक बढ़ रही है तो दूसरी ओर सड़कों पर वाहनों की भीड़ और जाम का झाम लोगों की परेशानी बढ़ाने वाला है। घर से निकलने से पहले रास्ते और समय का ध्यान नहीं रखा तो मंजिल तक पहुंचने से पहले ही आपका कीमती वक्त जाम में फंस सकता है। शादी का सीजन शुरू होने से बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। कपड़ों और आभूषणों की दुकानों से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सजावटी वस्तुओं के प्रतिष्ठानों पर खरीदारों की आवाजाही बढ़ गई है। दूल्हा-दुल्हन के परिजन खरीदारी और समारोह की तैयारियों में जुटे हैं। मैरिज होम और गेस्ट हाउस में सजावट से लेकर खानपान तक की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। टेंट, लाइटिंग, डीजे और कैटरिंग कारोबारियों के यहां भी काम का दबाव बढ़ गया है।

शाम होते ही बारातों की चहल-पहल, बैंड-बाजे और सजधज कर निकलने वाली गाड़ियों के कारण प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थमने की आशंका है। विवाह स्थलों के बाहर चार पहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग परेशानी बढ़ा सकती है। ऐसे में राहगीरों और जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। शहरवासियों के लिए आने वाले दिन यातायात के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। शादी-विवाह के इस सीजन में यातायात व्यवस्था संभालना पुलिस और संबंधित विभागों के लिए भी चुनौती होगी। जाम से बचने के लिए लोगों को निर्धारित समय से पहले घर से निकलना होगा। वहीं विवाह स्थलों के बाहर पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रखने और प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। थोड़ी सी लापरवाही शादी समारोह में पहुंचने से लेकर जरूरी काम तक का पूरा कार्यक्रम बिगाड़ सकती है।

सुविचार

जिंदगी की असली दौलत पैसा नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में साथ निभाने वाले अपने होते हैं।

कल का पंचांग

तिथि	अष्टमी	04:20-06:05 तक	पक्ष	शुक्ल पक्ष	
नक्षत्र	घनिष्ठा	02:16-04:34 तक	माह	कार्तिक	
सूर्योदय		6:41 AM	चन्द्रोदय	12:49 PM	
सूर्यास्त		5:27 PM	चंद्रास्त	12:06 AM	
सूर्य राशि		तुला राशि	चंद्र	मकर राशि	
शुभ मुहूर्त		11:19AM –12:02 PM	ब्रहम् मुहूर्त	04:54-05:47	
त्योहार/व्रत			विक्रम संवत्	2083	
राहुकाल		02:46 PM: 04:06 PM	वार	मंगलवार	

ब्रज के मंदिरों के दर्शन



ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

मथुरा में सदियों पुरानी कंस वध की परंपरा



यूनिक समय, मथुरा। देशभर में दशहरे पर रावण दहन की परंपरा देखने को मिलती है, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में अधर्म के अंत का उत्सव कुछ अलग ही अंदाज में मनाया जाता है। यहां कंस वध मेला केवल पुतला गिराने का आयोजन नहीं, बल्कि चतुर्वेदी समाज की आन–बान, लाठियों के शौर्य और ब्रज की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा में आज भी वही जोश और उत्साह दिखाई देता है। 19 नवंबर को आयोजित होने वाले कंस वध मेले में मथुरा की गलियां श्रीकृष्ण की कंस वध लीला की साक्षी बनेंगी।

हाथी पर कृष्ण–बलराम लाठियों से कंस का अंत

दोहों में गूंजती है कंस वध की वीरगाथा

मेले का सबसे आकर्षक दृश्य विश्राम घाट से कंस टीले तक निकलने वाली शोभायात्रा होती है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के स्वरूप हाथी पर सवार होकर निकलते हैं। रास्ते में ब्रजवासी फूलों की वर्षा कर स्वागत करते हैं। पारंपरिक वेशभूषा में चतुर्वेदी समाज के लोग अपनी तेल पिलाई लाठियों के साथ शामिल होते हैं। कंस टीले पर पहुंचकर करीब 50 फीट ऊंचे कंस के विशाल पुतले का प्रतीकात्मक वध किया जाता है।

कृष्ण–बलराम के संकेत पर चतुर्वेदी समाज के लोग लाठियों से प्रहार कर कंस का अंत करते हैं। इस दौरान जयकारों और लोकगीतों से पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठता है। कंस वध मेले की खासियत यह भी है कि ब्रज की लोकसंस्कृति में इस प्रसंग को दोहों और पारंपरिक गायन के माध्यम से जीवंत रखा गया है। इस अवसर के भाव को इन मौलिक दोहों में भी महसूस किया जा सकता है। छज्जू लाए खाट के पाए, मार–मार लट्ठन झूरी करि आए, याही कंस की दाड़ी लाए, याही कंस की मूंछे लाए के मधुर भजनों के बीच चतुर्वेदी समाज के कंस वध मेला में अपार जनसमूह उमड़ता है।

यह मेला याद दिलाता है कि श्रीकृष्ण ने इसी मथुरा में अत्याचारी कंस का अंत कर लोगों को भय से मुक्ति दिलाई थी। यही वजह है कि यहां कंस वध सिर्फ धार्मिक लीला नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ सामूहिक प्रतिरोध की सांस्कृतिक पहचान भी बन चुका है।

JAIGURUDEV MULTISPECIALITY HOSPITAL
मथुरा में सबसे कम दरों पर समस्त स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध
हमारी टीम के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर
डॉ. अनिल कुमार गौतम — M.B.B.S, M.D., MEDICINE (CONSULTANT PHYSICIAN)
डॉ. दुर्गेश कुमार — M.B.B.S, D.N.B., ORTHO-SUR. JOINT REPLACEMENT
डॉ. वी. के. पांडे — M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. संदीप गोवर्धन चौहान — M.B.B.S, D.N.B., NEURO SURGEON
डॉ. इला अग्रवाल — M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. एकता थडानी — M.B.B.S., DNB. (OBGY)
डॉ. सी. एम. मवार — M.B.B.S. DVD. MIADVI
डॉ. नितेश जिंदल — MBBS, MD, MEDICINE
डॉ. नरेश अग्रवाल — M.B.B.S., D.C.H
डॉ. अर्पण मौर्य — M.B.B.S., M.S. (SURGERY) F.M.A.S F.I.A.G.E.S GERASER SURGO &
डॉ. मनदीप यादव — D.P.T B.P.T
डॉ. चेतना अग्रवाल — B.D.S., MIDA
डॉ. हरि प्रसाद — (B.H.M.S) CONSULTANT HOMOEOPATH
डॉ. एम. माहेश्वरी — M.B.B.S. (MS) OPTHOLMALOGY
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
आयुष्मान कार्ड धारकों का स्वागत है
आपातकालीन मो.नं. 7078877006
8650777901, 8953925593
Maholi Link Road, Mathura (U.P.)

सतयुग के आगमन की साक्षी है अक्षय नवमी



यूनिक समय, मथुरा। ब्रजभूमि में अक्षय नवमी का पर्व केवल पूजा–अर्चना और दान–पुण्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इस दिन मथुरा–वृंदावन और गरुड़ गोविंद की सामूहिक परिक्रमा लगाने की सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा भी जुड़ी हुई है। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर की गई परिक्रमा, जप, तप और दान का फल कभी समाप्त नहीं होता। यही वजह है कि इस दिन हजारों श्रद्धालु करीब 18 कोस यानी 54 किलोमीटर की तीन वन परिक्रमा के लिए निकलते हैं। कई श्रद्धालु यह परिक्रमा नंगे पैर पूरी करते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वराह पुराण में अक्षय नवमी पर ब्रज परिक्रमा का विशेष महत्व बताया गया है। कहा जाता है कि ब्रह्माजी की आज्ञा से सप्तऋषियों ने ध्रुव जी के साथ इसी तिथि पर मथुरा की परिक्रमा की थी। धार्मिक विश्वास है कि इस दिन पूरे परिवार के साथ परिक्रमा करने से विष्णुलोक की प्राप्ति का पुण्य मिलता है। अक्षय का अर्थ ही है कभी समाप्त न होने वाला। इसलिए इस दिन किए गए शुभ कर्मों का फल भी अक्षय माना जाता है।

ब्रज की लोकमान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने कंस वध से पहले मथुरा, वृंदावन और गरुड़ गोविंद के तीन वनों की परिक्रमा की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के शंखनाद से भी जोड़कर देखा जाता है। यही कारण है कि श्रद्धालु तीनों क्षेत्रों की सामूहिक परिक्रमा को विशेष महत्व देते हैं। धार्मिक मान्यता के मुताबिक, कार्तिक शुक्ल नवमी के दिन ही सतयुग की शुरुआत हुई थी। इसी वजह से अक्षय नवमी को सत्ययुगादि नवमी भी कहा जाता है। माना जाता है कि इस दिन पूजा–पाठ और अच्छे काम करने से व्यक्ति को विशेष पुण्य मिलता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने का भी खास महत्व है। अक्षय नवमी 18 नवंबर को मनाई जाएगी, सुबह 6:46 से दोपहर 12:06 बजे तक रहेगा पूजा का शुभ मुहूर्त, आंवले के वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व।

अक्षय नवमी पर ब्रज की 54 किलोमीटर परिक्रमा का महत्व

सप्तऋषियों और ध्रुव ने भी लगाई थी परिक्रमा

श्रीकृष्ण की लीला से जुड़ी तीन वन परिक्रमा

कान्हा की गौसेवा से जुड़ा गोपाष्टमी का रहस्य



यूनिक समय, मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा–वृंदावन और संपूर्ण ब्रजभूमि में गोपाष्टमी का पर्व विशेष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के गौपालक स्वरूप और गौसेवा की परंपरा का प्रतीक है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन बालकृष्ण ने पहली बार बछड़ों के बजाय गायों को चराने की जिम्मेदारी संभाली थी। तभी से उन्हें गोपाल और गोविंद के नाम से विशेष पहचान मिली। इस वर्ष गोपाष्टमी 17 नवंबर को मनाई जाएगी।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने सात वर्ष की आयु में कार्तिक शुक्ल अष्टमी को पहली बार गायों को चराने के लिए वन की ओर प्रस्थान किया था। गोपाष्टमी का संबंध गोवर्धन लीला से भी जोड़ा जाता है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्रदेव के प्रकोप से ब्रजवासियों और गौवंश की रक्षा की थी। यह पर्व गौसंरक्षण और प्रकृति के सम्मान का संदेश देता है।

कान्हा की गौसेवा से जुड़ा है पर्व, 17 नवंबर को मनेगी गोपाष्टमी

कार्तिक शुक्ल अष्टमी तिथि 17 नवंबर को सुबह 4:20 बजे से शुरू होकर 18 नवंबर को सुबह 6:06 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार पर्व 17 नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन गाय और बछड़ों को स्नान कराकर फूलों की माला पहनाएं। हल्दी, रोली और चंदन से तिलक करें। धूप–दीप जलाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा और आरती करें। कान्हा को माखन–मिश्री का भोग लगाएं तथा गौ माता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर सुख–समृद्धि की कामना करें।

विभीषण भाई की बगावत जान लेता रावण तो क्या बदल जाता युद्ध

यूनिक समय, मथुरा। रामायण में लंका युद्ध की कहानी केवल भगवान श्रीराम और रावण के बीच संघर्ष की गाथा नहीं है, बल्कि इसमें एक ऐसे रहस्य का भी उल्लेख मिलता है, जिसने युद्ध का पूरा रुख बदल दिया। रावण का अपना भाई विभीषण ही उसकी नीतियों का विरोध करते हुए श्रीराम की शरण में चला गया था। उसने लंका की सेना, रावण की कमजोरियों और उसके अंत से जुड़े महत्वपूर्ण रहस्य श्रीराम को बताए। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि रावण को विभीषण की कथित गद्दारी का पता पहले ही चल जाता, तो क्या लंका का युद्ध जीतना उसके लिए आसान हो जाता? पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस प्रसंग के पीछे जय–विजय के तीन जन्मों की एक रोचक कथा भी छिपी है।



श्राप के कारण राक्षस बने भगवान के द्वारपाल

रावण से शिशुपाल तक कैसे पूरी हुई कथा

धार्मिक कथाओं के अनुसार, जय और विजय भगवान विष्णु के वैकुंठ धाम के द्वारपाल थे। एक दिन सनक, सनंदन, सनातन और सनत्कुमार ऋषि भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे। जय–विजय ने उन्हें बालक समझकर द्वार पर रोक दिया। इससे नाराज ऋषियों ने दोनों को पृथ्वी पर जन्म लेने का श्राप दे दिया। भगवान विष्णु ने उन्हें दो विकल्प दिए। वे सात जन्म तक भक्त बनकर पृथ्वी पर रह सकते थे या तीन जन्म तक भगवान के शत्रु बनकर जन्म लेकर शीघ्र वैकुंठ लौट सकते थे। दोनों ने दूसरा विकल्प चुना।

पहले जन्म में जय–विजय हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु बने। भगवान विष्णु ने वराह और नरसिंह अवतार लेकर उनका अंत किया। दूसरे जन्म में वे रावण और कुंभकर्ण बने। इसी जन्म में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया। रावण के भाई विभीषण ने अधर्म का साथ छोड़कर श्रीराम का पक्ष लिया और युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई।

तीसरे जन्म में दोनों शिशुपाल और दंतवक्र बने। भगवान श्रीकृष्ण ने दोनों का वध किया और इस तरह उनका श्राप समाप्त हुआ।

इस कथा का संदेश केवल इतना नहीं कि जय–विजय अपने आराध्य के हाथों मुक्ति पाने के लिए तीन जन्म तक शत्रु बने। यह भी बताता है कि अहंकार और अधर्म के सामने रिश्ते भी टिक नहीं पाते। रावण के पास विशाल सेना और सोने की लंका थी, लेकिन वह अपने भाई की उचित सलाह स्वीकार नहीं कर सका।

सम्पादकीय

सफलता की दौड़ में संतुष्टि का स्टेशन कहीं पीछे छूट गया

दुनिया में सफलता का पैमाना बड़ा अजीब है। जिसके पास साइकिल है, उसे बाइक चाहिए और जिसके पास बाइक है, वह कार के सपने देखता है। कार वाला कोठी की तरफ देखता है और कोठी वाला विदेश में संपत्ति तलाशता है। इस अंतहीन दौड़ में आदमी सब कुछ हासिल करने की कोशिश करता है, बस खुद को खोता चला जाता है। दिलचस्प यह है कि मंजिल मिलने से पहले ही नई मंजिल खड़ी हो जाती है।



पवन गौतम
संपादक

ऐसे बाजारू सफलता के दौर में यजुर्वेंद्र महाजन की कहानी किसी तमाचे से कम नहीं है। 25 साल की उम्र में उन्होंने नौकरी छोड़ दी, पुश्तैनी घर और खेत बेच दिए, ताकि गरीब बच्चों का भविष्य बनाया जा सके। आज वे खुद किराए के मकान में रहते हैं, लेकिन सैकड़ों युवाओं के सपनों को स्थायी ठिकाना दे चुके हैं। उनके पास अपनी संपत्ति भले नहीं बची, लेकिन समाज के लिए जो पूंजी बनाई, उसका मूल्य किसी रजिस्ट्री में दर्ज नहीं हो सकता।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।


दूसरी तरफ पुणे की रेशमा पठान हैं। घर में पढ़ने की जगह नहीं मिली तो श्मशान की बेंच को ही लाइब्रेरी बना लिया। दिन में पढ़ाई और रात में सफाईकर्मी की नौकरी करके माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री हासिल की। अब सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर्स कर रही हैं। जहां लोग श्मशान में जाने से कतराते हैं, वहां रेशमा ने अपने भविष्य की इबारत लिखी। यह विडंबना ही है कि समाज में कई लोगों को आलीशान कमरों में भी पढ़ाई का मन नहीं मिलता और किसी को श्मशान की शांति में भविष्य दिखाई देता है।

इन दोनों कहानियों के सामने हमारी आधुनिक सफलता की परिभाषा कुछ बौनी नजर आती है। हम बच्चों को भी यही सिखाते हैं कि बड़े पैकेज, बड़ा घर और महंगी गाड़ी ही कामयाबी हैं। फिर शिकायत करते हैं कि नई पीढ़ी में संस्कार और संतोष नहीं बचा। सवाल यह है कि जब बड़ों की पूरी जिंदगी ही दूसरों से आगे निकलने की प्रतियोगिता में बीत रही हो, तो बच्चों को संतुष्टि का पाठ कौन पढ़ाएगा? विडंबना देखिए, सरस्वती की पूजा करने वाले समाज में ज्ञान से ज्यादा दिखावे की कीमत बढ़ती जा रही है। मां सरस्वती का आशीर्वाद शायद डिग्रियों की संख्या से नहीं, समर्पण और उद्देश्य से मिलता है। फंडा यह है कि जिंदगी की असली अमीरी बैंक बैलेंस नहीं, बल्कि वह संतोष है, जो किसी दूसरे के जीवन में रोशनी लाने से मिलता है।

नजरिया

टैक्स जनता का, ठाठ नवाबी वाह रे सत्ता की शादियां

बोध प्रकाश सगुणी



उत्तर प्रदेश में सत्ता का रुतबा अब केवल सरकारी कुर्सियों, लालबत्ती और काफिलों से ही नहीं, बल्कि शाही शादियों के जलवे से भी दिखाई देने लगा है। मंत्रियों और रसूखदारों के परिवारों में होने वाले हाई-प्रोफाइल विवाह समारोहों की चमक-दमक देखकर लगता है कि प्रदेश में विकास की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है। कहीं आलीशान आयोजन, कहीं वीआईपी मेहमानों की लंबी फेहरिस्त, कहीं सुरक्षा का भारी इंतजाम तो कहीं सत्ता के गलियारों से उतरकर शादी के मंडप तक पहुंचता सरकारी प्रोटोकॉल। सवाल यह है कि आखिर इस शाही संस्कृति पर लगाम कब लगेगी?

शादी किसी भी परिवार का निजी और खुशी का अवसर है। हर व्यक्ति को अपनी हैसियत और सामर्थ्य के अनुसार विवाह समारोह आयोजित करने का अधिकार है। लेकिन जब किसी जनप्रतिनिधि का निजी आयोजन सार्वजनिक चर्चा का विषय बनता है, तब उससे जुड़े खर्च, संसाधनों और सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल पर सवाल उठना भी स्वाभाविक है। मंत्री का पद निजी प्रतिष्ठा बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा की जिम्मेदारी है। कुर्सी पर बैठने वाले व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि उसकी निजी जिंदगी और सार्वजनिक पद के बीच एक स्पष्ट सीमा होनी चाहिए।

सबसे बड़ा सवाल जनता के टैक्स के पैसे का है। प्रदेश में आज भी गांवों की सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में सुविधाओं की कमी है, सरकारी स्कूलों में संसाधनों का इंतजार है और गरीब परिवार छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सरकारी सहायता की बाट जोहते हैं। किसान अपनी उपज का उचित मूल्य मांगता है, नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटकता है और आम आदमी महंगाई से जूझता है। दूसरी ओर सत्ता के नजदीक रहने वाले लोगों के आयोजनों में दिखने वाली शान-ओ-शौकत आम आदमी को यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या जनसेवा का मतलब केवल जनता को सादगी का पाठ पढ़ाना है?

यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना जरूरी है। किसी मंत्री या नेता के निजी धन से होने वाली शादी को सरकारी खर्च कहना उचित नहीं होगा। लेकिन यदि ऐसे आयोजन में सरकारी वाहन, कर्मचारी, सुरक्षा बल, सरकारी अतिथिगृह अथवा अन्य सार्वजनिक संसाधनों का इस्तेमाल होता है, तो उसका हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए। सुरक्षा की वास्तविक जरूरत अपनी जगह है, मगर निजी समारोह को सरकारी आयोजन का रूप देना किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों को जनता के काम के लिए नियुक्त किया गया है, किसी की पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए नहीं। विडंबना देखिए, देश की सर्वोच्च अदालत ने हाल ही में सोने के मामले में ऐसी टिप्पणी की है, जो सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों के लिए भी एक बड़ा संदेश है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आयकर विभाग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत तय मात्रा में सोना रखने की बात अपने आप में उसकी वैध कमाई का प्रमाण नहीं है। किसी लोकसेवक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में संपत्ति के स्त्रोत का हिसाब देना जरूरी है। इसका अर्थ यह नहीं कि अदालत ने आम नागरिकों के सोना रखने पर नई पाबंदी लगा दी है। बल्कि संदेश साफ है कि संपत्ति का हिसाब और उसकी वैधता महत्वपूर्ण है। जब आम नागरिक और सरकारी कर्मचारी से संपत्ति के स्त्रोत का सवाल पूछा जा सकता है, तो सार्वजनिक पद पर बैठे लोगों के खर्च और संसाधनों के इस्तेमाल पर पारदर्शिता क्यों नहीं होनी चाहिए?

आखिर हाई-प्रोफाइल शादी का यह कल्चर खत्म क्यों नहीं हो रहा? इसकी एक वजह सत्ता के आसपास विकसित होता दिखावे का सामाजिक ढांचा भी है। बड़े आयोजन प्रतिष्ठा का प्रतीक बन जाते हैं। नेताओं के आसपास रहने वाले अधिकारी, कारोबारी और प्रभावशाली लोग भी इस चमक का हिस्सा बनना चाहते हैं। धीरे-धीरे समारोह पारिवारिक खुशी से आगे बढ़कर ताकत, पहुंच और प्रभाव का प्रदर्शन बन जाता है। इसमें खर्च की प्रतिस्पर्धा भी शामिल हो जाती है। जिसके पास जितना बड़ा आयोजन, उतना बड़ा रसूख! लेकिन इस दौड़ में जनप्रतिनिधि यह भूल जाते हैं कि लोकतंत्र में उनकी असली पहचान महंगे पंडालों से नहीं, बल्कि जनता के बीच किए गए काम से बनती है।

सरकार यदि वास्तव में सुशासन, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करती है, तो उसे अपने मंत्रियों और अधिकारियों के आचरण में भी यही सिद्धांत दिखाई देने देना चाहिए। केवल सरकारी मंचों से सादगी और ईमानदारी का भाषण देना पर्याप्त नहीं है। सरकारी संसाधनों के निजी इस्तेमाल पर स्पष्ट नियम हों। वीआईपी आयोजनों में सरकारी मशीनरी के उपयोग का लेखा-जोखा हो और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी हो। यह व्यवस्था किसी एक दल या सरकार के लिए नहीं, बल्कि हर सरकार के लिए लागू होनी चाहिए।

जनता को मंत्रियों की शादियों से कोई परेशानी नहीं है। परेशानी तब होती है जब जनता के प्रतिनिधि जनता से अलग किसी विशेष वर्ग की तरह व्यवहार करने लगते हैं। लोकतंत्र में मंत्री जनता के सेवक हैं, शाही खानदान के वारिस नहीं। उन्हें यह याद रखना होगा कि सरकारी खजाना किसी की निजी जागीर नहीं है। उसमें जमा हर रुपया उस नागरिक का है, जो अपनी मेहनत की कमाई से टैक्स चुकाता है।

शादी में रोशनी हजारों दीयों से कीजिए, मेहमान लाख बुलाइए और खुशी का जश्न मनाइए, लेकिन जनता के हिस्से का उजाला मत छीनिए। सत्ता की असली शान महंगे आयोजन नहीं, बल्कि ईमानदार काम है। वरना इतिहास में शाही शादियों के किस्से तो दर्ज हो जाएंगे, लेकिन जनता यह सवाल जरूर पूछेगी कि जब प्रदेश विकास के लिए संसाधन मांग रहा था, तब सत्ता का ध्यान किसकी शान बढ़ाने में लगा था?

विचार विंडो

लंदन का नंबर, मुंबई का मास्टरमाइंड, ठगी का देसी अड्डा

राम प्रकाश वर्मा

साइबर अपराधियों ने भी अब अपने कारोबार का ऐसा अंतरराष्ट्रीय मॉडल खड़ा कर लिया है, जिसमें ठगी का ठिकाना किसी शहर का किराए का फ्लैट होता है, फोन नंबर लंदन का और कथित सरगना मुंबई में बैठा बताया जाता है। शिकार देश के किसी भी कोने में बैठा आम आदमी बन सकता है। ग्वालियर में ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर चल रहे कथित साइबर ठगी के नेटवर्क का खुलासा इसी बदलते अपराध जगत की एक डरावनी तस्वीर पेश करता है। यहां दो युवक 25 हजार रुपये महीने की तनख्वाह पर लोगों की जेब खाली करने वाले नेटवर्क का हिस्सा बने हुए थे। सवाल है कि बेरोजगारी के बाजार में अपराधियों ने युवाओं को नौकरी का ऐसा कौन-सा ऑफर दे दिया, जिसमें ईमानदारी की जगह धोखाधड़ी नौकरी की शर्त बन गई?

बहोड़ापुर पुलिस की कार्रवाई में ट्रांसपोर्ट नगर के एक किराए के फ्लैट से बिहार और ग्वालियर के दो युवक पकड़े गए। पुलिस के मुताबिक, 'लोट्स-247' वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन मनी गेमिंग का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। लैपटॉप, मोबाइल, सिम कार्ड और दूसरे लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल इस पूरे खेल में किया जा रहा था। कथित मास्टरमाइंड का नाम हेंड्रिक्स बताया गया है, जो मुंबई में बैठकर नेटवर्क चलाने की बात कहता था, लेकिन उसका मोबाइल नंबर ब्रिटेन की राजधानी लंदन का निकला। यानी अपराध का कारोबार ऐसा कि चेहरा कहीं और, नंबर कहीं और और मेहनत करने वाले गुर्गे किसी तीसरे शहर में।

यहां सबसे बड़ा सवाल सिर्फ दो गिरफ्तारियों का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का है जिसमें अपराध अब पारंपरिक गिरोहों की तरह हथियार लेकर नहीं, बल्कि मोबाइल, वेबसाइट और डिजिटल खातों के सहारे चल रहा है। पहले ठग दरवाजे पर दस्तक देते थे, अब वे स्क्रीन पर आकर्षक ऑफर बनकर आते हैं। पहले जेब काटने के लिए भीड़ का सहारा लिया जाता था, अब लालच, जल्द कमाई और गेमिंग की लत को हथियार बनाया जा रहा है।

ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर चलने वाले ऐसे जाल की सबसे बड़ी ताकत लोगों की जल्दी पैसा कमाने की इच्छा है।



विज्ञापन में जीत का सपना दिखाया जाता है, शुरुआत में छोटे फायदे का भरोसा पैदा किया जा सकता है और फिर बड़ी रकम लगाने का लालच दिया जाता है। कई बार लोग नुकसान की भरपाई के लिए बार-बार पैसा लगाते रहते हैं। उन्हें लगता है कि अगली बाजी में किस्मत पलट जाएगी, जबकि दूसरी तरफ बैठे अपराधियों का कारोबार इसी उम्मीद पर फलता-फूलता है। हालांकि हर ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म धोखाधड़ी नहीं है, लेकिन पैसे दांव पर लगाने वाले संदिग्ध प्लेटफॉर्म से सावधान रहना बेहद जरूरी है। इस मामले में म्यूल अकाउंट यानी दूसरे व्यक्तियों के बैंक खातों का इस्तेमाल भी गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे खातों के जरिए रकम एक खाते से दूसरे खाते तक पहुंचाई जा सकती है, जिससे असली संचालकों तक पहुंचना जांच एजेंसियों के लिए चुनौती बन जाता है। कई बार लोग कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, सिम या बैंकिंग संबंधी जानकारी दूसरों को दे देते हैं। उन्हें लगता है कि बिना मेहनत कुछ अतिरिक्त कमाई हो जाएगी। लेकिन जब उसी खाते से साइबर ठगी का पैसा निकलता है, तो खाताधारक भी पुलिस जांच के दायरे में आ सकता है। बैंक खाता किराए पर देना कोई सामान्य रोजगार नहीं, बल्कि गंभीर कानूनी मुसीबत का रास्ता बन सकता है।

इसलिए युवाओं को समझना होगा कि हर नौकरी का ऑफर रोजगार नहीं होता। यदि कोई व्यक्ति बिना किसी स्पष्ट काम के बैंक खाता उपलब्ध कराने, सिम कार्ड खरीदकर देने, ओटीपी साझा करने या दूसरों के पैसे अपने खाते में मंगवाने के बदले मोटी कमाई का वादा करता है, तो समझिए खतरे की घंटी बज चुकी है। 25 हजार रुपये की नौकरी के नाम पर किसी को साइबर अपराध का मोहरा बनाया जा सकता है। कुछ महीनों की कमाई के लालच में भविष्य, प्रतिष्ठा और कानूनी सुरक्षा दांव पर लगाना समझदारी नहीं है।

आम नागरिकों के लिए भी सावधानी का सीधा मंत्र है। अनजान वेबसाइट पर गेमिंग के नाम पर पैसे जमा न करें। सोशल मीडिया पर मिलने वाले गारंटीड कमाई, दोगुना पैसा और निश्चित जीत के दावों पर भरोसा न करें। किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ऐप डाउनलोड करने या बैंकिंग जानकारी साझा करने से पहले उसकी विश्वसनीयता जांचें। किसी को भी ओटीपी, यूपीआई पिन, पासवर्ड या बैंक खाते का नियंत्रण न दें। यदि साइबर ठगी हो जाए तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करें और आधिकारिक साइबर अपराध पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कराएं। शुरुआती सूचना और समय पर शिकायत से रकम रोकने की संभावना बढ़ सकती है।

पुलिस के सामने भी चुनौती केवल फ्लैट से दो युवकों को पकड़ने तक सीमित नहीं है। असली सफलता तब होगी, जब कथित मास्टरमाइंड, फर्जी सिम उपलब्ध कराने वालों, बैंक खातों की व्यवस्था करने वालों और रकम के अंतिम लाभार्थियों तक पहुंचा जाए। डिजिटल सबूतों और वित्तीय लेनदेन की कड़ियों को जोड़कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करना जरूरी है। विदेशी नंबर का इस्तेमाल अपने आप में किसी व्यक्ति के विदेश में होने या अपराध में उसकी भूमिका का प्रमाण नहीं है। इसकी पुष्टि जांच से ही होनी चाहिए।

विडंबना देखिए, आज मोबाइल बच्चों की पढ़ाई से लेकर बड़ों के कारोबार तक का साथी है, लेकिन इसी मोबाइल को अपराधियों ने ठगी की दुकान भी बना लिया है। तकनीक जितनी तेज हुई है, ठगों की चालें भी उतनी ही शातिर हुई हैं। अब अनजान कॉल पर बैंक अधिकारी बनने वाला ही खतरा नहीं है, गेमिंग का दोस्त, ऑनलाइन जॉब देने वाला और निवेश का सलाहकार बनकर आने वाला व्यक्ति भी जाल बिछा सकता है।

फंडा यह है कि इंटरनेट पर मुफ्त का पैसा, बिना मेहनत की कमाई और रातोंरात अमीर बनने का सपना अक्सर किसी दूसरे की कमाई लूटने का जाल होता है। याद रखिए, स्क्रीन पर दिखने वाली जीत जरूरी नहीं कि आपकी हो, लेकिन गलत खाते में पहुंचा आपका पैसा और साझा किया गया आपका ओटीपी आपको अपराध की मुसीबत में जरूर डाल सकता है।

भारत करेगा दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी

2029 में चैंपियंस ट्रॉफी
2031 में बांग्लादेश के साथ होगा वनडे वर्ल्ड कप



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारत अगले पांच साल में दो बड़े अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। आईसीसी ने रविवार को 2035 तक होने वाले पुरुषों के प्रमुख टूर्नामेंट का कैलेंडर जारी किया। इसके मुताबिक, 2029 में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन भारत में होगा, जबकि 2031 का वनडे वर्ल्ड कप भारत और बांग्लादेश संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। भारत ने आखिरी बार 2023 में वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। हालांकि, तब फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था। आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2029 और 2031 के फाइनल की मेजबानी भी इंग्लैंड को सौंपी है। 2029 का फाइनल 8 से 12 जून और 2031 का मुकाबला 12 से 16 जून तक खेला जाएगा। वहीं, 2033 और 2035 के फाइनल के मेजबान देशों की घोषणा अभी नहीं हुई है। इसके अलावा, 2030 का टी-20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड में 4 जुलाई से 4 अगस्त तक खेला जाएगा। 2032 और 2034 में भी टी-20 वर्ल्ड कप आयोजित होंगे। आईसीसी ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 के क्रिकेट क्वालिफायर की मेजबानी भी तय कर दी है। पुरुषों के मुकाबले 5 से 13 फरवरी तक बांग्लादेश में, जबकि महिलाओं के मैच 26 फरवरी से 5 मार्च तक अमेरिका में होंगे। गौरतलब है कि क्रिकेट 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी करेगा। 2028 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टी-20 प्रारूप के मुकाबले होंगे। दोनों वर्गों में आठ-आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में खेला गया था।

मोहित के शतक और सनी की गेंदबाजी से मास्टर्स इलेवन की शानदार जीत



यूनिक समय, मथुरा। लायंस क्लब मथुरा प्रीमियम की ओर से आयोजित लायंस प्रीमियम लीग (एलपीएल) के तीसरे दिन मास्टर्स इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसआरपी किंग्स को 45 रनों से पराजित किया।

मुकाबले में मोहित चौधरी की शतकीय पारी और सनी चोपड़ा के ऑलराउंड प्रदर्शन ने जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टॉस जीतकर एसआरपी किंग्स ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए मास्टर्स इलेवन ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 247 रन बनाए। मोहित चौधरी ने 59 गेंदों पर आठ चौके और आठ छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। अमन दास गोयल ने 44 गेंदों पर 60 और सनी चोपड़ा ने 17 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए।

जवाब में एसआरपी किंग्स की टीम पांच विकेट पर 202 रन ही बना सकी। गौरव चाहर ने 39 गेंदों पर 70 और गौरांग भाई ने 28 गेंदों पर 52 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मास्टर्स इलेवन की ओर से सनी चोपड़ा ने तीन और प्रणीत जैन ने एक विकेट लिया। इस तरह मास्टर्स इलेवन ने 45 रन से मुकाबला अपने नाम किया। मोहित की शतकीय पारी आकर्षण का केंद्र रही।

एलपीएल में एसआरपी किंग्स को 45 रन से हराया
मोहित ने 59 गेंदों पर बनाए 118 रन

63 की उम्र में फिर पर्दे पर लौटेंगी मीनाक्षी शेषाद्रि



सनी देओल के साथ जोड़ी को बताया धर्मेंद्र-हेमा जैसी
'डकैत' का किसिंग सीन सेंसर ने हटवाया

यूनिक समय, नई दिल्ली। फिल्म 'हीरो' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि 63 साल की हो गई हैं। 80 और 90 के दशक में उन्होंने 'डकैत', 'घायल', 'घर हो तो ऐसा' और 'दामिनी' जैसी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपने करियर में उन्होंने अमिताभ बच्चन, सनी देओल और अनिल कपूर जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया। एक इंटरव्यू में मीनाक्षी ने सनी देओल के साथ अपनी ऑनस्क्रीन जोड़ी की तुलना धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी से की। उन्होंने कहा कि दोनों की पृष्ठभूमि अलग होने के बावजूद पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री खूब पसंद की गई। मीनाक्षी ने फिल्म 'डकैत' से जुड़ा दिलचस्प किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म के गाने 'किस कारण नैया डोली' की शुरुआत में सनी देओल के साथ लिप-टू-लिप किसिंग सीन फिल्माया गया था, लेकिन सेंसर बोर्ड ने इसे हटवा दिया। मीनाक्षी के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने फिल्म के हिंसक दृश्यों को मंजूरी देने के बदले यह सीन हटाने की शर्त रखी थी। अभिनेत्री ने बताया कि करियर में लगातार फिल्में फ्लॉप होने पर कुछ पत्रकारों ने उन्हें पनौती कहना शुरू कर दिया था। हालांकि, उन्होंने हार नहीं मानी और 'घायल' व 'घर हो तो ऐसा' जैसी सफल फिल्में दीं। अनिल कपूर के साथ उन्होंने 7-8 फिल्मों में काम किया और दोनों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहती थी। करीब 30 साल तक फिल्मों से दूर रहने के बाद अब मीनाक्षी अभिनय में वापसी की तैयारी कर रही हैं। वह महिलाओं के मजबूत और वास्तविक किरदार पर्दे पर दिखाना चाहती हैं।

धमकियों के बीच अमिताभ की पोस्ट- 'बच गए'



जलसा पर हमले की साजिश रचने वाले दो शूटर गिरफ्तार
एक महीने में तीन बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

यूनिक समय, नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा को लगातार मिल रही धमकियों के बीच अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट की है। रविवार को उन्होंने अपने आधिकारिक अकाउंट पर सिर्फ 'सर्वाइव्ड' यानी 'बच गए' लिखा। उनकी इस पोस्ट को हालिया धमकियों और हमले की साजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पहले अमिताभ बच्चन कड़ी सुरक्षा के बीच अपने बंगले के बाहर आए और रविवार को फैंस का अभिवादन किया। इस दौरान उनके बेटे अभिषेक बच्चन भी पीछे सतर्क नजर आए। मुंबई पुलिस के मुताबिक, 12 नवंबर को अमिताभ के बंगले जलसा को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला था। इसमें 27 नवंबर और 31 दिसंबर समेत कई तारीखों का जिक्र किया गया था। एक महीने के भीतर उनके घर को धमकी मिलने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 6 नवंबर और 23 अक्टूबर को भी धमकी दी गई थी। वहीं, दिल्ली पुलिस ने अमिताभ के घर पर फायरिंग की साजिश रचने वाले दो शार्पशूटर्स को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जालंधर निवासी विकास ठाकुर और तरनतारन निवासी दीपक सिंह के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों विदेश में बैठे एक गैंगस्टर के लिए काम करते थे। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर 1984 के सिख विरोधी दंगों पर अमिताभ के कथित बयान को लेकर उन्हें निशाना बनाना चाहता था। हालांकि, अमिताभ ऐसे बयान देने से इनकार कर चुके हैं।

जय शाह लगातार दूसरी बार बने आईसीसी के चेयरमैन

निर्विरोध हुआ चुनाव
यह पद संभालने वाले पांचवें भारतीय बने




यूनिक समय, नई दिल्ली। जय शाह लगातार दूसरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन चुने गए हैं। इंडोनेशिया के बाली में हुई आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठक में उन्हें निर्विरोध इस पद पर चुना गया। डायरेक्टर्स ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था। जय शाह लगातार दो बार आईसीसी चेयरमैन बनने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले शशांक मनोहर भी दो बार इस पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 36 वर्षीय जय शाह ने 2024 में पहली बार आईसीसी चेयरमैन का पद संभाला था। उन्होंने न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले की जगह ली थी। वह इस पद पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने थे। जय शाह आईसीसी प्रमुख बनने वाले पांचवें भारतीय हैं। उनसे पहले जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन. श्रीनिवासन और शशांक मनोहर यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जय शाह ने कहा कि आईसीसी चेयरमैन के रूप में काम करना बड़ी जिम्मेदारी है।

वह दुनिया भर में क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी को नए दर्शकों तक पहुंचने का बड़ा अवसर बताया। जय शाह ने 2009 में अहमदाबाद क्रिकेट बोर्ड से अपना प्रशासनिक सफर शुरू किया था। 2019 में वह पहली बार बीसीसीआई के सचिव बने थे।

19 साल की मीरा एंड्रीवा ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

यूक्रेन की स्वितोलिना को सीधे सेटों में हराया
इनाम में मिले 28 करोड़ और मर्सिडीज कार



यूनिक समय, नई दिल्ली। रूस की 19 साल की टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने रविवार को डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के इंडियन वेल्स में खेले गए फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की 32 वर्षीय एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-3 से हराया। एंड्रीवा ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचों मुकाबले बिना कोई सेट गंवाए जीते। इस जीत के साथ वह करियर की सर्वश्रेष्ठ वर्ल्ड नंबर-2 रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। चैंपियन बनने पर उन्हें 33.7 लाख डॉलर यानी करीब 28.4 करोड़ रुपए की इनामी राशि और अल्ट्रावॉयलेट पर्पल रंग की मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार मिली। एंड्रीवा डब्ल्यूटीए फाइनल्स के डेब्यू में ही खिताब जीतने वाली तीसरी टीनएजर खिलाड़ी बन गई हैं।

वह बिना सेट गंवाए यह टूर्नामेंट जीतने वाली 11वीं खिलाड़ी भी हैं। कार मिलने के बाद वह उसकी ड्राइविंग सीट पर बैठीं। हालांकि, उनके पास अभी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। उन्होंने मजाक में कहा कि यह लाइसेंस बनवाने की अच्छी प्रेरणा है, वरना वह अपनी टीम के पांच सदस्यों में से किसी के साथ सफर कर सकती हैं। दूसरी ओर, स्वितोलिना को उपविजेता बनने पर करीब 12.6 करोड़ रुपए मिले। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन एंड्रीवा ने शानदार खेल दिखाया। खास बात यह रही कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव के कारण मैच से पहले और बाद में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया।

इंग्लैंड ने स्पेन को 3-2 से हराया 44 मैचों का रिकॉर्ड टूटा

नेशंस लीग में केन, कोंसा और व्हाइट ने दागे गोल
यूरो 2024 फाइनल की हार का हिसाब भी बराबर किया

यूनिक समय, नई दिल्ली। इंग्लैंड ने रविवार को मैड्रिड में खेले गए नेशंस लीग मुकाबले में वर्ल्ड चैंपियन स्पेन को 3-2 से हरा दिया। इस हार के साथ स्पेन का लगातार 44 प्रतिस्पर्धी मैचों में अजेय रहने का रिकॉर्ड टूट गया। टीम को आखिरी हार मार्च 2023 में मिली थी। इंग्लैंड के लिए हैरी केन, एजरी कोंसा और बेन व्हाइट ने गोल किए, जबकि स्पेन की ओर से मिकाएल ओयारजबाल और निको विलियम्स ने स्कोर किया। पहले हाफ के आखिरी मिनट में केन ने पेनल्टी से गोल कर इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में 53वें मिनट में कोंसा और 57वें मिनट में व्हाइट ने गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया।

इसके बाद इलियट एंडरसन को रेड कार्ड मिलने से इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने लगा। स्पेन ने ओयारजबाल की पेनल्टी और विलियम्स के गोल से अंतर 3-2 किया, लेकिन बराबरी नहीं कर सका। इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स ट्रैफर्ड ने अहम बचाव किए। इस जीत से इंग्लैंड ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया और मार्च में होने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए सीडेड टीम बन गया।

कानपुर के पांच मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग, महिला और किशोर की मौत

जान बचाने के लिए बालकनी से कूदे 20-25 लोग

दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर पाया काबू



यूनिक समय, कानपुर। कानपुर के फीलखाना थाना क्षेत्र के पटकापुर चौकी इलाके में सोमवार तड़के पांच मंजिला राधिका अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। हादसे में 48 वर्षीय राखी साहू और 15 वर्षीय प्रांजुल बाथम की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। आग से बचने के लिए करीब 20 से 25 लोग बालकनी से नीचे कूद गए। कुछ लोगों ने साड़ियों को जोड़कर रस्सी बनाई और उसके सहारे उतरने की कोशिश की। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से कई लोग घायल हो गए। एक व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी टूटने की जानकारी भी सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अपार्टमेंट में 12 परिवार रहते हैं। सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे इमारत के निचले फ्लैट में आग लगी, जो तेजी से फैलते हुए पार्किंग और ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गई। उस समय अधिकतर लोग अपने फ्लैट में सो रहे थे। धुआं और लपटें देखकर अपार्टमेंट में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर इमारत में फंसे छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को इलाज के लिए हैलट अस्पताल भेजा गया। पड़ोसियों ने भी बचाव कार्य में मदद की और बगल के मकान से पटरे लगाकर लोगों को बाहर निकाला। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में पार्किंग में खड़ी कई बाइक और स्कूटी भी जलकर राख हो गईं। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग की संभावित वजह बताया जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण की पुष्टि जांच के बाद होगी। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

यूपी चुनाव: कांग्रेस ने सपा को भेजी 181 सीटों की लिस्ट



खरगे के आवास पर हुई बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन

दिसंबर के पहले सप्ताह से अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को लेकर बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने सपा को 181 विधानसभा सीटों की सूची भेजी है, जिन पर वह अपने उम्मीदवार उतारना चाहती है। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर यूपी चुनाव की तैयारियों को लेकर अहम बैठक हुई। इसमें खरगे के अलावा केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, प्रियंका गांधी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि चुनाव अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई है। कांग्रेस दिसंबर के पहले सप्ताह से तेज रफ्तार प्रचार अभियान शुरू करेगी। इसके तहत रैलियां और यात्राएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन जमीनी स्तर तक चुनाव के लिए तैयार है। सीट बंटवारे पर गौतम ने बताया कि शाम तक स्पष्ट होगा कि समाजवादी पार्टी की ओर से बैठक में कौन शामिल होगा और बातचीत कहां होगी। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने भी कहा कि बैठक में संगठन और चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने जोर दिया कि गठबंधन में सीटों की संख्या से ज्यादा महत्वपूर्ण मिलकर चुनाव जीतना है।

बेटी से शादी का दबाव, मना करने पर बम से उड़ाने की धमकी



आगरा में आधी रात भाई के साथ घर में घुसा युवक

पिता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

यूनिक समय, लखनऊ। आगरा के लोहामंडी इलाके में बेटी से शादी करने का दबाव बना रहे एक युवक पर परिवार को बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी और उसके भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर की रात करीब 12 बजे आलमगंज सैयद पाड़ा निवासी असलम अपने भाई आरिफ के साथ बुलेट से उसके घर पहुंचा। आरोप है कि दोनों घर में घुस आए और परिवार के लोगों को गालियां देने लगे। असलम ने बेटी की शादी उससे कराने का दबाव बनाया। उसने धमकी दी कि अगर कहीं और रिश्ता किया तो बम फेंककर पूरे परिवार को उड़ा देगा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि असलम की मां पप्पन भी धमका रही है। उसने कथित तौर पर कहा कि शादी नहीं कराने पर अपने बेटों से लड़की के पिता की हत्या करवा देगी। परिवार का कहना है कि असलम लगातार शादी के लिए दबाव बना रहा है और मना करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने धमकियों की रिकॉर्डिंग होने की बात भी कही है और पुलिस को साक्ष्य सौंपने की बात कही है। धमकियों से परिवार दहशत में है। एसीपी लोहामंडी गौरव सिंह के मुताबिक, पीड़ित ने 14 नवंबर को शिकायत दी थी। रिकॉर्डिंग की जांच और आरोपियों से पूछताछ के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पहलगाम हमले का डर दिखाकर वकील से 3.80 करोड़ की ठगी



नोएडा में 62 वर्षीय अमेरिकी वकील को 21 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट

फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर ऐंठी रकम

यूनिक समय, नोएडा। नोएडा में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। ठगों ने अमेरिका से लौटे 62 वर्षीय भारतीय मूल के अमेरिकी वकील को पहलगाम आतंकी हमले की जांच में फंसाने का डर दिखाकर 3.80 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उन्हें 21 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। पीड़ित ने नोएडा साइबर क्राइम थाने और अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित सितंबर में भारत लौटने के बाद गुरुग्राम में रह रहे थे। 16 अक्टूबर को उनके पास फोन आया। कॉल करने वालों ने खुद को साइबर पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि पहलगाम हमले की जांच में उनका आधार कार्ड मिला है। ठगों ने दावा किया कि उनके नाम से खुले बैंक खाते से एक आतंकी को 53 करोड़ रुपये भेजे गए और उन्हें पांच करोड़ रुपये कमीशन मिला। आरोपियों ने फर्जी गोपनीय समझौता भेजकर उन्हें किसी से बात न करने और लगातार वीडियो कॉल पर रहने को कहा। ठगों के कहने पर उन्होंने दो एफडी तुड़वाकर 18 लाख रुपये ट्रांसफर किए। अमेरिका के बैंक खाते में जमा रकम भी क्रिप्टोकरेंसी में बदलवाकर डिजिटल वॉलेट में जमा कराई गई। छह नवंबर की रात आरोपियों का फोन अचानक कट गया। संपर्क नहीं होने पर पीड़ित को शक हुआ और जांच करने पर ठगी का पता चला। पुलिस ने लोगों को आगाह किया है कि कोई भी जांच एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती।

केजीएमयू की ओपीडी के बाहर एक किलोमीटर तक लगी मरीजों की कतार



सुबह 5 बजे से पहुंचने लगे मरीज

रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार

यूनिक समय, लखनऊ। लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सोमवार को ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नई ओपीडी के बाहर करीब एक किलोमीटर तक लंबी कतार लग गई। कई मरीज और उनके तीमारदार जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। सुबह पांच बजे से ही अस्पताल परिसर में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह आठ बजे ओपीडी भवन खुलने के बाद मरीजों और तीमारदारों को अंदर प्रवेश मिला। इसके बाद पंजीकरण कराने और डॉक्टरों को दिखाने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ इतनी अधिक थी कि ओपीडी में अव्यवस्था जैसे हालात बन गए।

केजीएमयू के लगभग सभी बड़े विभागों में डॉक्टर मौजूद थे, लेकिन मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। दूर-दराज के इलाकों से इलाज कराने पहुंचे मरीजों को सबसे अधिक परेशानी हुई। गौरतलब है कि दिवाली और छठ पूजा के दौरान करीब एक सप्ताह तक ओपीडी में मरीजों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले कम रही थी। त्योहारों के बाद सोमवार को अस्पताल खुलने पर बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच गए, जिससे परिसर में लंबी कतारें लग गईं।

यूपी में जनगणना 2027 के दूसरे चरण की शुरुआत

सीएम योगी ने किया शुभारंभ बोले- सही आंकड़ों से ही बनेगी बेहतर विकास योजनाएं

1 दिसंबर से जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर जुटाएंगे जानकारी



यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 के दूसरे चरण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेशवासियों से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सही जनगणना के आंकड़ों से ही समाज के हर वर्ग की वास्तविक स्थिति और जरूरतों का पता चल सकेगा। इससे सरकार को बेहतर विकास योजनाएं तैयार करने और उनका लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। दूसरे चरण के तहत प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर लोगों की जानकारी जुटाएंगे। इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति से उसकी सामाजिक और जनसांख्यिकीय स्थिति से जुड़े करीब 40 सवाल पूछे जाएंगे। इससे पहले पहले चरण में मकानों की सूची तैयार करने और मकानों की गणना का काम पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। देश का हर छठा व्यक्ति उत्तर प्रदेश में रहता है। ऐसे में यहां होने वाली जनगणना के आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में कई सरकारी योजनाएं वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बनाई जा रही हैं। पुराने आंकड़ों के कारण समाज के कई ऐसे वर्ग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, जिनकी वास्तविक आबादी और जरूरतों की जानकारी समय पर दर्ज नहीं हो पाती। नई जनगणना से आबादी, सामाजिक स्थिति और लोगों की जरूरतों से जुड़ी ताजा जानकारी मिलेगी। इससे योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आम लोगों की भागीदारी को भी जरूरी बताया। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अभियान का नेतृत्व करने और रोजाना इसकी प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लॉक और नगर निकाय स्तर पर नियमित समीक्षा करने को कहा, ताकि कमियों को समय रहते दूर कर जनगणना का काम सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

आजम खां की गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में चुनौती, कपिल सिब्बल ने रखा पक्ष

426 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

यूनिक समय, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत में पक्ष रखा और गिरफ्तारी के साथ न्यायिक हिरासत को चुनौती देते हुए अंतरिम राहत की मांग की। यह मामला जौहर ट्रस्ट और जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित 426 करोड़ रुपये के धनशोधन से संबंधित है। आजम खां ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उनकी याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित की गई थी, जिसके बाद सोमवार को इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह की खंडपीठ कर रही है। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को जेल से रिहा होने के बाद ईडी ने आजम खां को गिरफ्तार कर लिया था। यह कार्रवाई जौहर ट्रस्ट से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी। अब आजम खां को हाईकोर्ट से राहत मिलने की उम्मीद है। अदालत में मामले की सुनवाई जारी है।

चक्रवात 'अकवान' का खतरा, 19 नवंबर तक भीषण तूफान बनने की आशंका

ओडिशा के 16 जिलों में अलर्ट जारी

19 से 21 नवंबर तक भारी बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान



यूनिक समय, नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव तेजी से मजबूत हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, इसके सोमवार शाम तक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। इस संभावित तूफान को 'अकवान' नाम दिया गया है। अनुमान है कि 17 नवंबर तक यह भीषण चक्रवाती तूफान बन सकता है, जबकि 19 नवंबर की शाम तक इसके बहुत भीषण तूफान में बदलने की आशंका है। इसे देखते हुए ओडिशा के 16 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव पिछले छह घंटों में उत्तर–पश्चिम दिशा की ओर 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ा है। फिलहाल यह विशाखापत्तनम से करीब 870 किलोमीटर और गोपालपुर से लगभग 980 किलोमीटर दक्षिण–दक्षिणपूर्व में स्थित है। इसके आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ने का अनुमान है। इस सिस्टम के प्रभाव से ओडिशा में 18 नवंबर से मौसम बदल सकता है। 19 नवंबर को पुरी, गंजाम और गजपति में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 20 नवंबर को गंजाम, गजपति, रायगड़ा, कोरापुट और मलकानगिरी में भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, 21 नवंबर को बरगढ़, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग तूफान की दिशा और तीव्रता पर लगातार नजर रख रहा है।

चारधाम यात्रा में टूटा रिकॉर्ड, 65.37 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



बद्रीनाथ धाम में सबसे ज्यादा 23.21 लाख भक्त पहुंचे

आज कपाट बंद होने के साथ यात्रा का समापन

यूनिक समय, नई दिल्ली। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा ने इस साल नया रिकॉर्ड बनाया है। 19 अप्रैल से 14 अक्टूबर तक गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब में कुल 65 लाख 37 हजार 253 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 23 लाख 21 हजार 401 श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंचे। शनिवार को भी यहां 17 हजार 532 भक्तों ने दर्शन किए। बद्रीनाथ मंदिर के कपाट 16 नवंबर को बंद किए जाएंगे। इसके साथ ही इस साल की ग्रीष्मकालीन चारधाम यात्रा का समापन हो जाएगा। वहीं, केदारनाथ धाम में 22 अप्रैल से 11 नवंबर के बीच 19 लाख 33 हजार 138 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। वर्ष 2023 के बाद यह केदारनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इस साल रिकॉर्ड संख्या में भक्तों के पहुंचने से यात्रा ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

महिला कलेक्टर को अश्लील मैसेज भेजने के आरोप में घिरे विधायक

एनसीडब्ल्यू ने लिया स्वत: संज्ञान

तमिलनाडु के डीजीपी को पत्र लिखकर सात दिन में मांगी जांच रिपोर्ट



यूनिक समय, नई दिल्ली। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची से विधायक सी. अरुल विग्नेश की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन पर महिला जिला कलेक्टर को अश्लील व्हाट्सऐप मैसेज भेजने और नशे की हालत में उनके आवास पर पहुंचने के आरोप लगे हैं। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखा है। आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और डिजिटल सबूत सुरक्षित रखने की मांग की है। साथ ही सात दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) सौंपने को कहा है। आरोपों के मुताबिक, विधायक पहले भी कलेक्टर के साथ दुर्व्यवहार कर चुके हैं। हालांकि, अरुल विग्नेश ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि ये महज अफवाहें हैं और उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। विधायक ने किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार होने की बात भी कही है। उन्होंने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ गंदी राजनीति की जा रही है। अरुल विग्नेश तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के विधायक हैं, जिसकी स्थापना अभिनेता से नेता बने विजय ने की है।

डेटिंग ऐप से बुलाकर शख्स को बनाया बंधक, मारपीट कर मांगे 4 लाख रुपये

दिल्ली में हनीट्रैप और उगाही करने वाले गिरोह का खुलासा

पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



यूनिक समय, नई दिल्ली। दिल्ली में डेटिंग ऐप के जरिए एक शख्स को जाल में फंसाकर बंधक बनाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला ने पीड़ित को मिलने के लिए बुलाया था। इसके बाद ओखला अंडरपास के पास उसके साथियों ने उसे रोक लिया और मारपीट की। बाद में उसे गौतमपुरी की मस्जिद कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान में ले जाकर बंधक बना लिया गया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने मामला निपटाने और तलाक के खर्च के नाम पर पीड़ित से 4 लाख रुपये मांगे। उस पर लोन लेने और क्रेडिट कार्ड के जरिए पैसे जुटाने का दबाव भी बनाया गया। एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद क्रेडिट कार्ड से 3.01 लाख रुपये की धोखाधड़ी का भी खुलासा हुआ है। इस मामले में 30 अक्टूबर 2026 को सरिता विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह डेटिंग ऐप के जरिए लोगों को निशाना बनाकर हनीट्रैप, उगाही और लूट की वारदात करता था। इससे पहले आनंद विहार के एक रेस्टोरेंट में भी डेटिंग स्कैम और जबरन वसूली का मामला सामने आया था।

दिल्ली के पहाड़गंज में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरा, आठ मजदूर घायल

होटल बनाने के लिए दूसरी मंजिल पर डाला जा रहा था लेंटर

घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती



यूनिक समय, नई दिल्ली। दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा अचानक ढह गया। हादसे में वहां काम कर रहे 8 मजदूर घायल हो गए। सभी को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक, 15 नवंबर को पहाड़गंज थाने में इमारत गिरने की सूचना मिली थी। हादसा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने कशेरूवालान, संगतराशान स्थित प्रॉपर्टी नंबर 3992–3993 में हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत–बचाव टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला कि इमारत में होटल बनाने का काम चल रहा था। हादसे के समय दूसरी मंजिल की छत का लेंटर डाला जा रहा था, तभी इमारत का एक हिस्सा गिर गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में इमारत के सपोर्टिंग कॉलम गीले होने और भवन के एक तरफ झुके होने की बात भी सामने आई है। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कनाडा से शादी करने पहुंची 61 वर्षीय महिला, प्रेमी ने किया इनकार

यूनिक समय, नई दिल्ली। राजस्थान के कोटपूतली–बहरोड़ जिले के नीमराना में ऑनलाइन प्यार का एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां कनाडा की 61 वर्षीय महिला अपने प्रेमी से शादी करने के लिए भारत पहुंची, लेकिन आमने–सामने मुलाकात के बाद युवक ने शादी से इनकार कर दिया। नीमराना थाना अधिकारी सुरेंद्र यादव के अनुसार, करीब एक साल पहले हरियाणा के पानीपत निवासी नितिन की मुलाकात डेटिंग एप के जरिए कनाडा की महिला से हुई थी। धीरे–धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और उन्होंने शादी करने का फैसला कर लिया। महिला करीब दो दिन तक वहां रही। इसी दौरान शादी की बात आगे बढ़ने पर उसकी उम्र करीब 61 साल होने की जानकारी सामने आई तो युवक ने शादी से मना कर दिया। इससे दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। महिला ने कनाडा दूतावास से संपर्क किया, जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक, नितिन एक निजी स्कूल में शिक्षक है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

भोपाल में वन विभाग का एसडीओ निकला करोड़पति

लोकायुक्त की 37 दिन की अंडरकवर जांच के बाद छापेमारी

26 लाख कैश और 3.50 करोड़ के सोने–चांदी समेत कई कीमती सामान मिले



यूनिक समय, नई दिल्ली। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वन विभाग के एक सब डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) के ठिकानों पर लोकायुक्त की छापेमारी में करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा हुआ है।

अधिकारी के भोपाल, छिंदवाड़ा और पचमढ़ी स्थित ठिकानों पर 14 नवंबर को एक साथ कार्रवाई की गई। शुरुआती जांच में 7 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति सामने आई है। लोकायुक्त की टीम ने करीब 37 दिनों तक अंडरकवर रहकर अधिकारी की संपत्तियों और गतिविधियों से जुड़े सबूत जुटाए थे। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान 26 लाख रुपये नकद और करीब 3.50 करोड़ रुपये मूल्य के सोने–चांदी तथा बेशकीमती सामान बरामद किए गए। इसके अलावा अधिकारी के पास से स्कॉर्पियो, बुलेट और स्कूटर समेत कई वाहन भी मिले हैं। जांच में सामने आई संपत्ति अधिकारी की ज्ञात आय से लगभग 560 प्रतिशत अधिक बताई गई है।

हालांकि, संपत्ति के मूल्यांकन और आय के स्त्रोतों की विस्तृत जांच की जा रही है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद सरकारी विभागों में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामलों को लेकर फिर चर्चा तेज हो गई है।

हाल ही में बिहार में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने कार्यपालक अभियंता नारद कुमार दास के ठिकाने पर छापा मारा था। वहां से करीब 50 लाख रुपये नकद और कई अहम दस्तावेज बरामद हुए थे। शुरुआती जांच में उनकी ज्ञात आय से 83.53 लाख रुपये अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिले थे।

चांदी 11 महीने के निचले स्तर पर, एक दिन में 8,720 टूटी


सोना भी 1,429 सस्ता हुआ

इस महीने अब तक चांदी में 17 हजार और सोने में 6 हजार की गिरावट



यूनिक समय, नई दिल्ली। सोने–चांदी की कीमतों में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, एक किलो चांदी का भाव 8,720 रुपये टूटकर 1.69 लाख रुपये पर आ गया। चांदी करीब 11 महीने बाद 1.70 लाख रुपये के नीचे पहुंची है। इससे पहले 1 दिसंबर 2025 को इसका भाव 1.64 लाख रुपये था। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,429 रुपये गिरकर 1.34 लाख रुपये पर आ गया। पिछले कारोबारी दिन 13 नवंबर को चांदी 1.78 लाख और सोना 1.36 लाख रुपये पर था। इस महीने अब तक चांदी करीब 17 हजार रुपये और सोना लगभग 6 हजार रुपये सस्ता हो चुका है। इस साल 29 जनवरी को चांदी 3.86 लाख रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी। मौजूदा भाव के मुकाबले यह करीब 2.17 लाख रुपये नीचे है। सोना भी 29 जनवरी के 1.76 लाख रुपये के उच्चतम स्तर से करीब 42 हजार रुपये सस्ता हो चुका है। शहरों में सोने के भाव परिवहन और सुरक्षा खर्च, स्थानीय मांग–सप्लाई, ज्वेलरी एसोसिएशन के रेट और ज्वेलर्स के पुराने स्टॉक के कारण अलग–अलग हो सकते हैं। सोना खरीदते समय बीआईएस हॉलमार्क जरूर जांचें और कीमत का मिलान करें।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने खोला 36 घंटे का निर्जला व्रत


सोमवार सुबह उगते सूर्य की आराधना करतीं व्रती महिलाएं।


सोमवार भोर में यमुना किनारे अड्डा घाट पर जल में खड़े होकर सूर्य आराधना करते श्रद्धालु।


यमुना किनारे अड्डा घाट पर परिवार की महिला को मंगल सिंदूर लगाती व्रती महिला।


सूर्य आराधना करती श्रद्धालु।


विधि- विधान से व्रत पूरा होने पर प्रसन्न होती महिलाएं।


अड्डा घाट पर पर पूर्वांचल वासी छठ पर्व मनाते हुए।

यूनिक समय, मथुरा। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ का सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से समापन हो गया। चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन यमुना के घाटों पर आस्था का दिव्य- भव्य नजारा देखने को मिला। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर उमड़ पड़ी। व्रतियों ने यमुना के जल में खड़े होकर भगवान भास्कर की आराधना की और परिवार

छठ महापर्व का श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन परिवार की सुख-समृद्धि और समाज में शांति की मांगी कामना

की सुख–समृद्धि, संतान की दीर्घायु तथा समाज में सुख-शांति और अमन-चैन की कामना की।

सोमवार भोर में चार बजे से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

पूरब दिशा में निगाहें टिकाए व्रती सूर्यदेव के उदय होने की प्रतीक्षा करते रहे। जैसे ही आकाश में सूर्य की लालिमा दिखाई दी, वैसे ही अर्घ्य अर्पित करने का सिलसिला शुरू हो गया। दूध, जल, फल और पारंपरिक पूजन सामग्री से सजे सूप लेकर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। छठी मैया के जयकारों और सूर्यदेव की स्तुति से घाट भक्तिमय हो उठे। चारों ओर श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का भाव दिखाई दिया।

शनिवार को लोहंडा का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों ने 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू किया था। रविवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर संध्या पूजा की गई। सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया और कठिन अनुष्ठान पूर्ण किया।

अड्डा घाट पर पूर्वांचल समिति की ओर से व्रतियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। समिति ने आम का दातुन, अर्घ्य अर्पित करने के लिए गाय का दूध, शुद्ध पेयजल और चाय की व्यवस्था की। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समिति के सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा ने घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इंतजाम किए गए, जिससे व्रती शांतिपूर्वक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

भीड़ बढ़ने के साथ पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए घाटों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।

रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक


पुरस्कार जीतने के बाद खुशी मनाते विद्यार्थी।

यूनिक समय, मथुरा। रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय पारंपरिक शोटो-काई एसोसिएशन की 10वीं रॉयल चैलेंजर्स कप चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात पदक जीते। इनमें पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक शामिल हैं।

10वीं रॉयल चैलेंजर्स कप चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

स्वर्ण पदक विजेताओं में प्रीत गुर्जर, दीक्षा राघव, निधि चौधरी, सोनाक्षी चौधरी और हार्दिक दंडोतिया शामिल रहे। वहीं तेजस्वी और निशांत बघेल ने कांस्य पदक हासिल किए। खिलाड़ियों ने कोच कंचन के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की।

प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया चौधरी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। डायरेक्टर कृष्णा चौधरी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। चेयरमैन एसपी सिंह ने भी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों, कोच और अभिभावकों को बधाई दी।

वैश्य महासम्मेलन महिला विंग ने धूमधाम से कराया तुलसी–शालिग्राम विवाह


तुलसी- शालिग्राम के विवाह मौके पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। कार्तिक मास पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला विंग की ओर से 16 नवंबर को श्रीगोवर्धन धाम में तुलसी-शालिग्राम विवाह, अन्नकूट-गोचारण उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष मीरा मित्तल और महामंत्री नविता अग्रवाल के नेतृत्व में सर्वप्रथम गिरिराज जी का अभिषेक और बालभोग कराया गया। इसके बाद तुलसी-शालिग्राम का विवाह विधि-विधान से संपन्न हुआ। हल्दी-मेहंदी की रस्मों में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। ढोल–नगाड़ों के साथ निकली बारात का नृत्य कर स्वागत किया गया। फेरे, कन्यादान और विदाई की रस्मों ने सभी को भावुक कर दिया। इसके बाद गायों की पूजा कर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की गई।

मुख्य यजमान मीरा-मुरारी लाल मित्तल, नविता-अजय गोयल, कविता-पंकज अग्रवाल, मीरा-अनुराग अग्रवाल, अंजली-आलोक गुप्ता,

हल्दी–मेहंदी से लेकर बारात और विदाई तक निभाई गईं विवाह की रस्में, अन्नकूट प्रसादी का किया वितरण

सविता-राकेश बंसल, नीतू-उमेश जिंदल और कविता-अखिल बंसल रहे। संयोजिका पूनम अग्रवाल, सारिका बंसल रहीं। पंक्चुअलिटी विजेता मुन्नी देवी और राजरानी अग्रवाल रहीं। विनीता खंडेलवाल, प्राची, छाया, मंजू गर्ग, शशि, बीनू, मीता, सोनिया, सविता, नीलम, वसुंधरा स्वामी, आराधना, कल्पना, पूनम, शीतल, शीला, रजनी, उषा, कनक, शालिनी, रत्ना, ममता, पिंकी, राधा, पूजा, नीलम वार्ष्णेय, चेतन, कृपा, देवीका, सौम्या, सुनीता, दानी और मिथिलेश सहित अनेक सदस्य मौजूद रहीं।

अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाई भजन संध्या

यूनिक समय, मथुरा। अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति रजि. मथुरा और अग्रोहा विकास ट्रस्ट महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली के पांच दिवसीय पर्व के बाद अग्रवाटिका में भव्य भजन संध्या-अन्नकूट प्रसादी समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लोगों ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया।

समिति के संस्थापक बालकृष्ण आढ़तिया ने कहा कि समिति अपने उद्देश्यों के अनुरूप समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन करती रहती है। इसी क्रम में भजन संध्या और अन्नकूट प्रसादी समारोह आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव मित्तल सोनू ने बताया कि श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल ने राधा–कृष्ण के भजनों और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों


कार्यक्रम में मौजूद अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी।

से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इसके बाद भगवान की आरती और पूजा-अर्चना कर अन्नकूट प्रसादी वितरित की गई।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री रविकांत गर्ग, मूलचंद गर्ग, संरक्षक अनिल प्रेस वाले, कृष्ण मुरारी सर्राफ नेताजी, महेश एडवोकेट, अध्यक्ष सुभाष सिक्का, महामंत्री विजय बंसल सर्राफ, कोषाध्यक्ष विजय गोयल और अतिथि अनिल अग्रवाल नौझील वाले सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महिला समिति की संरक्षिका कल्पना आढ़तिया, मुख्य सलाहकार पुष्पा अग्रवाल प्रेस वाली, अध्यक्ष महिमा अग्रवाल प्रेस वाली, महामंत्री अन्नू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, अभिलाषा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल और रेखा अग्रवाल ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इसके अलावा कुंजबिहारी

श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल की भजन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को किया भाव–विभोर अग्रवाल समाज के लोगों ने लिया भाग

डिब्बे वाले, मैदा वाले, अशोक पीपी, अवधेश पोषाक वाले, वीरेंद्र गोयल चूने वाले, राजकुमार रेडीमेड, अशोक नमक वाले, विजय गोयल कल्लू, मनोज इनवर्टर, राजकुमार मंगला होजरी, श्रीनाथ दास अग्रवाल, कृष्ण कुमार सिंघल, मनीष शोरा, संजय सर्राफ नदवई, मुकेश मिठाई वाले, अनिल बंसल सर्राफ, रमनलाल गुप्ता बैंक वाले, राजकुमार अग्रवाल सर्राफ, मनोज एडवोकेट, विनोद राशन और गजानन साड़ी वाले सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।